26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 20 अगस्त , 2026
अंक- 296 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# अमेरिका में आरएसएस पर बैन लगाने की मांग

## भागवत के यूएस दौरे पर USCIRF सख्त, बोला- संघ नेताओं को न मिले सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। आयोग ने अमेरिकी सरकार से आरएसएस नेताओं को राजनयिक सम्मान नहीं देने और उनके साथ उच्चस्तरीय बैठकें नहीं करने को कहा है। आयोग के चेयरमैन आसिफ महमूद ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरएसएस के सदस्य हैं और इसके सहयोगी संगठनों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं। महमूद का यह बयान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका दौरे से कुछ दिन पहले आया है। मोहन भागवत 25 अगस्त से अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन के दौरे पर जाएंगे। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क में अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट



एंड डायलॉग के 'यूनिवर्सल ऑननेस सेलिब्रेशंस' कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के कमिश्नर जीन मिल्स ने कहा कि अमेरिकी सरकार को धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार आरएसएस सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। उधर, कनाडा के 100 से ज्यादा संगठनों ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के प्रस्तावित दौरे का समर्थन किया है।


### छात्रों के प्रोटेस्ट से एक्शन में योगी सरकार

## नपेंगे लापरवाह अफसर



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कई जिलों में शिक्षण संस्थानों में अव्यवस्थाओं-कुप्रबंधन और शिक्षकों की कमियों को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, आजमगढ़, महोबा, हमीरपुर और उन्नाव समेत कई जिलों में हुए प्रदर्शनों को गंभीरता से लिया है। शिक्षकों की कमी और अन्य प्रशासनिक खामियों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त कर सभी शिक्षण संस्थानों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित कर उनकी जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा, समाज कल्याण और श्रम विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी शिक्षण संस्थानों की निगरानी अलग-अलग नामित अधिकारियों के जरिए की जाएगी। जहां भी व्यवस्थाओं में कमियां या शिकायतें सामने आएंगी, उनका तुरंत निस्तारण किया जाएगा।


## कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन



कांग्रेस के पूर्व सांसद और नेता सज्जन कुमार का गुरुवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के सूत्रों के मुताबिक, सज्जन कुमार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। वह 1984 के सिख विरोधी दंगों के दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे थे।

## आवश्यकता है

हेड मैकेनिक, एडवायजर, कॉलिंग के लिए लड़की की, वर्कशॉप के लिए। Chandak में Venus Car Spa एंड सर्विस, Chandak नियर बालाजी ट्रेडर्स
**संपर्क करें 9761890440**
Bosch service






# मासूम बच्चे को उठा ले गया गुलदार

## आज सुबह प्लाईवुड फैक्ट्री के पास मिला शव





घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण व वनविभाग की टीम व मृतक बच्चे का फाइल फोटो।

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात एक गुलदार ने थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मड़का में सात वर्षीय बच्चे को अपना शिकार बनाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग व स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर काफी आक्रोश है। ग्राम खुशहालपुर मड़का निवासी सात वर्षीय अनिकेत उर्फ कालू पुत्र भूदेव बीती शाम गांव से ही लापता हो गया था। परिजनों ने बच्चे की काफी तलाश की मगर उसका कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद ग्रामीणों ने बच्चे को गुलदार द्वारा उठाकर ले जाने की आशंका जताई थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस व वनविभाग को भी दी थी। आज सुबह करीब आठ बजे गांव में प्लाईवुड फैक्ट्री के पास बच्चे का शव मिला। गुलदार द्वारा बच्चे को उठा ले जाने के बाद उसका काफी शरीर खा लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने रात में ही प्रशासन को घटना की सूचना दी थी, लेकिन इसके बावजूद बच्चे की तलाश के लिए तत्काल प्रभावी रेस्क्यू अभियान शुरू नहीं किया गया। आरोप है कि यदि समय रहते व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया जाता तो शायद बच्चे को बचाने की संभावना बन सकती थी। सुबह को बच्चे का शव मिलने के बाद पुलिस व वनविभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्चे के शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसडीएम शैलेंद्र कुमार व वनविभाग के अधिकारियों ने भी घटना स्थल का दौरा किया। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब प्रशासन को गुलदार द्वारा बच्चे को उठा ले जाने की जानकारी शाम को ही मिल गई थी, तो वन विभाग की टीमें रात में सक्रिय क्यों नहीं हुईं?

## वनविभाग ने पिंजरा लगाया, गुलदार पकड़ में नहीं आया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। ग्राम काशीरामपुर में तीन दिन पहले गुलदार ने गांव निवासी तरुण राठी की पशुशाला में घुसकर एक गौवंश को अपना निवाला बना लिया था। गौवंश को निवाला बनाने के बाद गांव में अपने शिकार की तलाश में गुलदार दूसरी जगह गया, जहां जाग होने पर गुलदार भाग गया था। गुलदार की इस तरह की दस्तक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर जानकारी ली गई थी। बुधवार को सामाजिक वानिकी टीम के दरोगा विकास कुमार ने अनुज शुक्ला, अमित कुमार, रमेश सिंह, मोहम्मद ऊमर, धूम सिंह आदि के साथ ग्राम काशीरामपुर में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। उन्होंने ग्रामीणों जंगल में पशुओं के लिए चारा लाने ले लिए अकेला ना जाने व सर्तक रहने की सलाह दी है।

## खेड़ी जट में पिंजरे में फंसा एक और गुलदार



**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम खेड़ीजट में वन विभाग द्वारा लगाये गये पिंजरे में गुलदार फंस गया। वन विभाग के कर्मचारी गुलदार को रेस्क्यू कर धामपुर रेंज में ले गये। करीब सवा महीने में इसी स्थान से यह दूसरा गुलदार पिंजरे में फंसा है। ग्राम खेड़ीजट में वन विभाग ने विवेक कुमार के खेत में गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। बुधवार की प्रात: जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो पिंजरे से गुलदार के गुर्राने की आवाज आई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। वन विभाग की ओर से वन दरोगा राकेश कुमार एवं राणा प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को रेस्क्यू करते हुए उसे वन रेंज धामपुर ले गये। वन दरोगा राकेश कुमार ने बताया कि पिंजरे में फंसी डेढ़ से 2 वर्ष की मादा गुलदार है। सवा महीने पहले 13 जुलाई को इसी खेत से एक करीब 6 वर्षीय नर गुलदार पिंजरे में फंसा था। गुलदार पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## गुलदार ने दो नील गायों को मौत के घाट उतारा

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बुधवार को गुलदार ने नगीना वन रेंज क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में नील गायों पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची वनकर्मियों की टीमों ने गुलदार को पकड़ने के प्रयास में पिंजरे लगा दिए हैं। क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा में गुलदार द्वारा नीलगाय के मारे जाने की सूचना पर बुधवार की प्रात: मौके पर सहयोगी वनकर्मियों की टीम के साथ पहुंचे वन दरोगा सत्यवीर यादव ने मौके का मुआयना करते हुए मृत नीलगाय को दफना दिया। सत्यवीर यादव ने बताया कि घटनास्थल से चंद कदम की दूरी पर पहले से ही पिंजरा लगा हुआ है। उधर ग्राम भटपुरा के ग्राम प्रधान द्वारा बुधवार की दोपहर वनकर्मियों को गांव के पास में ही स्थित एक खेत में गुलदार द्वारा नीलगाय के मारे जाने की सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर हमराह वनकर्मियों की टीम के साथ पहुंचे स्थानीय वन दरोगा अनिल कुमार ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही गुलदार को पकड़ने हेतु पिंजरा लगवा दिया है जबकि बारिश के कारण उस समय मृत नीलगाय को दफनाया नहीं जा सका। वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि जिन-जिन स्थानों पर गुलदार के हमलों की सूचनाएं प्राप्त होती है, समय रहते वहां आवश्यक कदम उठाने का हर संभव प्रयास किया जाता रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया है।

## अनाधिकृत व्यक्तियों को विद्यालयों में प्रवेश नहीं देने का निर्णय

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सरकारी विद्यालयों में प्रस्तावित स्कूल सर्वेक्षण/ऑडिट का विरोध करने तथा छात्र तथा शिक्षक हित मे अनाधिकृत व्यक्तियों को विद्यालयों में प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया गया। संघ की ऑनलाइन बैठक में प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने संघ पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में बाहरी व्यक्तियों द्वारा बिना विभागीय उच्चाधिकारियों की अनुमति के अपने स्तर पर अनाधिकृत तरीके से निरीक्षण/ऑडिट या विद्यालय संबंधित सूचनाओं का संकलन करने से गंभीर वैधानिक व्यवस्था पर प्रभाव पड़ेगा तथा शिक्षकों के साथ टकराव की स्थिति बनने की संभावना हो सकती है। दोनों शिक्षक नेताओं ने कहा कि विद्यालय बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा के केंद्र है, जिन्हें राजनीति का अड्डा नहीं बनने दिया जायेगा। जिला महामंत्री ज्योति प्रकाश गहलौत के संचालन में आयोजित ऑनलाइन बैठक में अजय पाल, विपिन, महेंद्र, मदन चैहान, अमर पाल, अनिल वर्मा, अश्वनी कुमार, अमित आदि मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

जल निकासी एवं जनसुरक्षा के लिये नगर निगम ने उठाये प्रभावी कदम (पेज 5)



# जेन-Z के बीच जाएंगे मोदी सरकार के मंत्री

## तैयार हुआ 'वन डे, वन यूनिवर्सिटी' प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्र की मोदी सरकार देश के युवाओं, खासकर Gen Z तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए एक बड़ा आउटरीच कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत केंद्रीय मंत्री देशभर की यूनिवर्सिटीज का दौरा करेंगे और छात्रों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं और चिंताओं को समझेंगे। सरकार की इस पहल को 'One Day, One University' नाम दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत एक केंद्रीय मंत्री किसी विश्वविद्यालय का दौरा करेगा और वहां छात्रों के साथ संवाद करेगा। इस दौरान शिक्षा, रोजगार और युवाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री छात्रों की समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं को जानने की कोशिश करेंगे। इसके साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और पहलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं के बीच सीधे संवाद को बढ़ाना है। इसके जरिए सरकार Gen Z की चिंताओं, प्राथमिकताओं और विभिन्न मुद्दों पर उनके नजरिए को समझने की कोशिश करेगी।



### 9 साल की नाइंसाफी के ख़िलाफ़ भूख हड़ताल पर हबीबा

सरकार की यह पहल ऐसे समय सामने आई है, जब NEET पेपर लीक समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर छात्रों की नाराजगी के बीच सरकार का यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। One Day, One University अभियान के तहत केंद्रीय मंत्रियों के विश्वविद्यालयों में जाकर छात्रों से सीधे मिलने और उनकी बात सुनने पर जोर रहेगा। साथ ही सरकार युवाओं के लिए उठाए गए कदमों और योजनाओं को भी उनके सामने रखेगी।

# वंदे मातरम के शुरुआती दो पैरा ही गाएगी कांग्रेस

## CWC में पार्टी ने साफ किया रुख

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस और सत्ता पक्ष के बीच विवाद जारी है। इस मुद्दे को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यसमिति में चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में कई नेताओं ने 1937 के पार्टी के स्टैंड को दोहराया। इसका मतलब ये है कि कांग्रेस 1937 के वर्जन (पहले दो पैरा) को ही अपने कार्यक्रमों में गाएगी। बैठक के बाद हुई पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, वंदे मातरम पर एक प्रस्ताव पारित किया गया था। जब उस प्रस्ताव को पारित किया गया तो CWC की बैठक में महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना आजाद, गोविंद वल्लभ पंत, आचार्य नरेंद्र देव और अन्य नेता मौजूद थे। उन्होंने आगे कहा, रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह से ही वो प्रस्ताव पारित किया गया था और आज उस पर चर्चा हुई। कांग्रेस अध्यक्ष ने उस प्रस्ताव के कुछ अंश भी पढ़े। इसमें कोई विवाद नहीं है, इसे मुद्दा बनाया जा रहा है। हमारा स्टैंड पहले दिन से बिल्कुल साफ रहा है। 28 अक्टूबर 1937 का जो वर्जन है, 24 जनवरी 1950 संविधान सभा के आखिरी बैठक में, डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने दोहराया था कि जन-गन-मन राष्ट्रीयगान होगा और वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत होगा।



## बाबू समर के इंतकाल से सहसपुर में शोक की लहर

सहसपुर (चिंगारी)। राशन डीलर एवं पूर्व सभासद बाबू समर का रात्रि करीब 3:30 बजे इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही सहसपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। बाबू समर ने अपने कुशल व्यवहार व सामाजिक कार्यों से अपनी अलग पहचान बनाई थी। बाबू समर अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सभी के साथ आत्मीय संबंध लंबे समय तक याद किए जाएंगे। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के वरिष्ठ पत्रकार शकील अहमद पीरजी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू समर का जाना सहसपुरवासियों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

## सूचना

मैं सैय्यद मौहम्मद अम्बर सुब्हानी पुष्टि करता हूं कि मेरी माता का नाम अंजुम बशीर और मेरे पिता का नाम सुब्हानी शबाहत जैदी है। अत: इन्हें इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

**पता- मिलकियान, स्योहारा, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश), 246746**



**भली लगे या बुरी ...**

## शिक्षा में निजी क्षेत्र का बढ़ता वर्चस्व

छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए 'मानविकी' व 'कला' विषयों को पाठ्यक्रमों में समाहित करना आवश्यक है और इनकी स्थिति के बारे में शिक्षा शास्त्रियों, राजनेताओं, नीति-निर्माताओं तथा उद्योग जगत को व्यापक विमर्श करना चाहिए। इन प्रयासों पर नजर रखते हुए यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि इनसे शिक्षा के 'व्यापारीकरण' व 'व्यावसायीकरण' को इस प्रकार बढ़ावा न मिले कि वे अधिकांश भारतीय नौजवानों की पहुंच से बाहर चले जाएं। लंबे समय से भारत में अनेक कारणों से स्थाई व सुनिश्चित होने के कारण अधिकांश नौजवान निजी क्षेत्र के बजाय सरकारी नौकरियों को वरीयता देते रहे हैं, पर अब यह स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। उच्च शिक्षित व अत्यधिक कुशल युवा वैज्ञानिक, इंजीनियर व डाक्टर आज सरकारी क्षेत्र के बजाय निजी क्षेत्र की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पिछले कुछ सालों में अंतरिक्ष विज्ञान में नए स्टार्टअप विकसित होने, निजी क्षेत्र में बड़े पंचसितारा अस्पताल खुलने तथा 'मेडिकल टूरिज्म' के विकास के साथ वैज्ञानिक और डाक्टर तेजी से निजी क्षेत्र की ओर आकर्षित हो रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी विज्ञान व तकनीक तथा प्रायोगिक मानविकी विषयों के क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालय भी आईआईटी व आईआईएम जैसे विश्वसनीय सरकारी संस्थानों को चुनौती देने की स्थिति में आ रहे हैं। इन स्थितियों को देखते हुए आजादी के 80वें वर्ष में राजनीतिक व चुनावी आरोपों-प्रत्यारोपों से अलग हट कर देश के जिम्मेदार राजनेताओं, नौकरशाहों, नीति निर्माताओं व उद्योगपतियों को ऐसी व्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा जिससे भारतीय लोकतंत्र मजबूत हो तथा आर्थिक असमानता घटे।

# जातीय नारों में उलझा उत्तर प्रदेश किसका हिसाब करेगा?



**डा. सुधाकर आशावादी**

उत्तर प्रदेश में चुनाव अभी आया नहीं है, लेकिन राजनीति ने मतदाताओं की जातियां गिननी शुरू कर दी हैं। नेताओं के पास बेरोजगारी का आंकड़ा हो या न हो, महंगाई का हिसाब हो या न हो, स्कूलों और अस्पतालों की हालत पर जवाब हो या न हो, लेकिन किस जाति की कितनी आबादी है, किस सीट पर कौन-सा समीकरण बैठेगा और किस समाज को कौन-सा नारा सुनाना है, इसका हिसाब खूब तैयार है। यही उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति की सबसे बड़ी विडंबना है। पांच साल सरकार चलाने के बाद भी चुनाव आते-आते जनता नागरिक नहीं रहती, जातियों का जोड़ बन जाती है। 2027 के विधानसभा चुनाव में 403 सीटों का मैदान है। 2022 में भाजपा ने 255 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत लिया था और समाजवादी पार्टी 111 सीटों के साथ मुख्य विपक्ष बनी थी। बसपा सिर्फ एक सीट पर सिमट गई, लेकिन उसके खाते में 12.88 प्रतिशत वोट फिर भी रहे। यानी हाथी हार गया था, लेकिन उसकी परछाई पूरी तरह गायब नहीं हुई थी। यही परछाई अब हर राजनीतिक दल को डराती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में कई सीटों पर कुछ हजार वोट किसी की सरकार बना सकते हैं और किसी की राजनीतिक दुकान बंद कर सकते हैं। 2024 ने सत्ता के आत्मविश्वास में पहली बड़ी दरार दिखाई। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में भाजपा 33 पर रह गई, जबकि सपा 37 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन गई और कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। यह परिणाम सत्ता के लिए सिर्फ सीटों की कमी नहीं था। यह चेतावनी थी कि जिसे स्थायी वोट बैंक समझ लिया गया है, वह उतना स्थायी नहीं है। मतदाता को हमेशा एक ही खाने में रखकर राजनीति करने का भरोसा 2024 में टूट चुका है। अब सत्ता की रणनीति को समझिए। चुनावी राजनीति में जब विकास की भाषा कमजोर पड़ती है तो जातीय प्रतिनिधित्व की भाषा तेज हो जाती है। मंत्री कौन बना, संगठन में किस जाति को कितनी जगह मिली, किस समाज का सम्मेलन हुआ, किस नेता ने किस महापुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, ये सब अचानक राजनीतिक उपलब्धियां बन जाते हैं। जनता से पूछा जाना चाहिए कि पांच साल में उसके जीवन में क्या बदला, लेकिन चुनावी मौसम में उससे पूछा जा रहा है कि वह किस जाति के साथ खड़ा है। यही वह जगह है जहां विपक्ष सत्ता को घेर सकता है, लेकिन विपक्ष खुद भी उसी जाल में फंसा हुआ है। समाजवादी पार्टी अब 'पीडीए' में पंडितों के लिए जगह तलाश रही है। यानी जो राजनीति कभी पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की एकजुटता का दावा कर रही थी, अब उसे ब्राह्मणों तक विस्तार देना पड़ रहा है। यह विस्तार अगर सामाजिक न्याय की वास्तविक राजनीति है तो स्वागत योग्य है, लेकिन अगर यह केवल चुनावी गणित है तो जनता को यह फर्क समझने में ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि ब्राह्मण को सम्मान का पोस्टर दिखाना आसान है, लेकिन उसे सत्ता में वास्तविक हिस्सेदारी देना कठिन। पासी को सम्मेलन में बुलाना आसान है, लेकिन उसके गांव में रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा पहुंचाना कठिन। दलित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल चढ़ाना आसान है, लेकिन दलित परिवार को यह भरोसा देना कठिन है कि सरकारी व्यवस्था उसके खिलाफ खड़ी नहीं होगी। राजनीति में नारे सस्ते होते हैं, शासन महंगा। बसपा इस खेल की सबसे पुरानी खिलाड़ी है। कांशीराम ने जिस भाषा में राजनीतिक बहुजन को संगठित किया, मायावती ने समय के साथ उसी भाषा को सोशल इंजीनियरिंग में बदला। कभी 'तिलक, तराजू और तलवार' सत्ता-विरोधी आक्रोश की पहचान बना, तो बाद में 'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' उसी पार्टी के सामाजिक विस्तार का प्रतीक बन गया। 2007 में बसपा ने पूर्ण बहुमत हासिल किया। लेकिन 2022 में वही पार्टी सिर्फ एक सीट पर पहुंची। इतिहास का यह व्यंग्य बहुत साफ है जातीय नारा सरकार बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन सरकार चलाने के लिए सिर्फ नारा काफी नहीं होता।

# शिव सैनिकों को संभल हरिहर मंदिर जाने से रोका

धामपुर (चिंगारी)। आज प्रातः शिव सैनिक संभल में स्थित हरिहर मंदिर में जल चढ़ाने के लिए शिवाजी पार्क धामपुर में एकत्रित हुए। जब बड़ी संख्या में शिव सैनिक शिवाजी पार्क से नगीना चौराहा पर पहुंचे तो वहां पर पहले से ही मौजूद भारी पुलिस फोर्स ने शिव सैनिकों को बेरिकडिंग लगाकर रोक दिया। शिवसैनिक वाहनों से उतरकर नगीना चौराहे पर ही नारेबाजी करने लगे। बाद में सभी शिव सैनिकों को थाना कोतवाली ले जाया गया। थाने पर एक घंटे रोक कर शिव सैनिकों के हाथों में लाया हुआ हरिद्वार का गंगाजल जो सम्भल हरिहर मंदिर के लिए लाया गया था, उसे पास के ही पंजाबी कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर मंदिर में पुलिस प्रशासन ने अपनी मौजूदगी में शिवलिंग पर चढ़वाया। इस अवसर पर शिवसेना मंडल प्रमुख आर.के.आर्य एडवोकेट, जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा, युवा सेवा जिला प्रमुख विकास त्यागी, भवानी सेना जिला प्रमुख सोनम त्यागी, नगर प्रमुख धामपुर कांति सैनी, सुखिया देवी, अनीता देवी, पूनम देवी, स्नेहा चौहान, गृह लक्ष्मी, विजय लक्ष्मी, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी, पूनम त्यागी, राधिका राजपूत, डिम्पी यादव, मिथलेश देवी, शांति देवी, कुसुम देवी, अंजू त्यागी, सुमन त्यागी, नितिन चौहान, नरेंद्र सिंह, वरुण कुमार चौहान, शानू शर्मा, अरविंद कुमार, गुरमीत कौर, सरदार कुलदीप सिंह, जसवंत सिंह सैनी, राजू सैनी, मनीष सैनी, राहुल सैनी, विनोद सैनी, प्रकाश सैनी, सुमित यादव, रोहित सैनी, आदेश त्यागी, उत्तम सिंह, महेंद्र सिंह रवि आदि सैनी मौजूद रहे।



पंजाबी कालोनी के शिव मंदिर में जलाभिषेक करते शिव सैनिक।



# कलश यात्रा का चांदपुर में भव्य स्वागत

**चांदपुर (चिंगारी)। विधानसभा क्षेत्र चांदपुर के अनेक गांवों में श्रद्धालुओं द्वारा पूज्य संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की पावन कलश यात्रा का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक समरसता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।**

ग्राम नौरंगपुर से शुरू हुई संत गुरु रविदास जी महाराज की पावन कलश यात्रा ग्राम सब्दलपुर, मानपुर, वाजिदपुर से होते हुए ग्राम सरकथल पहुंची। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु रविदास जी महाराज ने अपने जीवन एवं शिक्षाओं के माध्यम से समता, सदभाव, मानवता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं तथा जाति, वर्ग एवं भेदभाव से ऊपर उठकर एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने उपस्थित होकर कलश यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा संत गुरु रविदास जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए प्रदेश एवं जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री श्रीमती दीपमाला संतोषी, श्रीमती कमलेश सैनी, जिला महामंत्री सुर्धीद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, अशोक सैनी, श्रीमती रूपा, कल्याण सिंह, आलोक कुमार,भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जैन श्रावक-श्राविकाओं ने आरती कर महाउत्सव मनाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पचायती मन्दिर में जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण (मोक्ष) महोत्सव प्रतिवर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मोक्ष सप्तमी या निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस मौके पर जैन श्रावक व श्राविकाओ ने श्री फल अर्पित किया। श्री फल अर्पित के पश्चात पार्श्वनाथ चालीसा का पाठ किया गया। जैन श्रावक श्राविकाओं ने आरती कर महा उत्सव मनाया। श्री पार्श्वनाथ पर प्रथम अभिषेक व शांति धारा कलश राहुल जैन, नमन जैन, पीयूष जैन ने सामूहिक रुप से श्री जी का अभिषेक किया। पुनीत जैन, जितेंद्र जैन, प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, नीरज जैन, संजय जैन, राजीव जैन, रश्मि जैन, स्वाति जैन, अकुंर जैन, आशा जैन, नेहा जैन, भाविक जैन, कमलेश जैन, रैना जैन, मंजु जैन, नमन जैन, अक्षत जैन, कोमल जैन, लोकेश जैन आदि जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नजीबाबाद में 26 अगस्त को पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा जुलूसे मोहम्मदी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज में हाफिज इस्तेखार के मकान पर अंजुमन शाने मिल्लत की तरफ से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसका आगाज मौलाना रियाज के संचालन में मौलाना महफूज रजा की तकरीर व कारी वाजिद की नाते पाक से हुआ। अंजुमन शाने मिल्लत कमेटी के सदर हाजी जाहिद ने बताया कि आने वाली 26 अगस्त 2026 को नजीबाबाद के रेलवे स्टेशन स्थित नवाब नजीबुद्दौला मजार से अंजुमन शाने मिल्लत के बैनर तले जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूसे मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा। इस मौके पर मोहम्मद इदरीस, डॉ. इशहाक, इकबाल पेंटर, नौशाद सैफी, मोहम्मद फिरोज, सूफी अय्यूब, मोहम्मद समीर, शाकिर शालू, मोहम्मद फिरोज, इमरान आदि उपस्थित रहे।



# जलभराव से परेशानी, कीचड़ व पानी भरे मार्ग से होकर गुजरा जनाजा



पानी व कीचड़ भरे रास्ते से जनाजा लेकर निकलते गांव के लोग।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में गांव के मुख्य मार्ग पर पानी भरने से ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। गांव को जोड़ने वाली सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनी है। जिसकी लंबाई लगभग 800 मीटर है। जिसमें गांव के अदंर लगभग 100 मीटर सड़क का जो टुकड़ा है, उस पर बारिश के पानी की निकासी नहीं होने के कारण पानी भर जाता है। जिससे उधर से गुजरने में ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कल कीचड़ भरे पानी के बीच से गांव के एक व्यक्ति का जनाजा निकला। जनाजे में लोग नगे पैर होकर निकले। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। इस रास्ते पर पानी की निकासी नहीं है। वही बरसात का पानी भी रास्ते में भर गया। जिससे पहले से ज्यादा कीचड हो गई। कीचड़ के पानी से होकर गुजरे जनाजे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के राजकुमार प्रजापति, बबलू प्रजापति, अंकित चौधरी, सुमित कुमार, इलम सिंह, महिपाल सिंह ने बताया कि पहले भी कई बार पीडब्ल्यूडी से शिकायत की है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जल्द ही समस्या का समाधान कराने की मांग की है। पीडब्ल्यूडी के जेई नीरज कुमार ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत कार्ययोजना में शामिल है। स्वीकृत होते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।


# अवैध खनन से खोखले हुए पोल गिरने से कभी भी हो सकता है हादसा



नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम कामगारपुर के जंगल से होकर गुजर रही 11 हजार पावर के आठ पोल अवैध खनन के कारण खोखले हो जाने की वजह से कभी भी पोल गिरने से हादसा हो सकता है। इस संबंध में ग्राम खलीलपुर निवासी अतीक अहमद ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराकर कहा है कि ग्राम के जंगल में स्थित ईश्वर के खसरा संख्या 145 व बबीता के खसरा नम्बर-149 में बिजली विभाग की 11 हजार पावर केवी लाइन के लगभग 8 पोल को अवैध खनन से खोखला कर दिया गया है। खनन के आरोपी को बिजली विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जा चुका है। मगर अभी तक इन पोलों को नहीं बदला गया है। उन्होंने हादसा बचाने के लिए तुरंत उक्त पोलों को ठीक कराने की मांग की है।

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने स्कूली बच्चों को कॉपी, पेन वितरित किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम रामदासवाली में भीमपाठशाला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए भीम आर्मी नजीबाबाद के कार्यकर्ता तहसील अध्यक्ष विष्णु कुमार गौतम ने बच्चों को पेन व कॉपी वितरित की। साथ ही उन्होंने बच्चो को देश के लिए शहीद सभी वीर योद्धाओं महापुरुषों के बारे में बताया। उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में शिवम कुमार, यशराज, यशवर्धन, नरोत्तम कुमार, आकाश कुमार, नितिन गौतम, मनीष सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




# श्रीरामचरित मानस सनातन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ है: डॉ. दीपक

नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर श्रीरामचरित मानस के सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि श्रीरामचरित मानस भारतीय संस्कृति, नैतिकता व सनातन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जिसे गोस्वामी तुलसीदास ने 16 वीं शताब्दी में रचा था। यह केवल धार्मिक कथा नहीं बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण आचार संहिता है। श्रीरामचरित मानस समाज में आदर्श जीवन मूल्यों की स्थापना का ग्रंथ है। यह ग्रंथ समाज को मर्यादा, कर्तव्य, त्याग, प्रेम व भाईचारे का पाठ पढ़ाता है। इसमें श्रीराम को एक आदर्श पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में प्रस्तुत किया गया है। श्रीरामचरित पाठ से असीम शांति, सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। प्रत्येक घर में प्रातः श्री रामचरित मानस की कुछ चौपाइयों का गायन परिवार में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। हरीश शर्मा ने मुख्य पूजन किया। नीलम बरनवाल, सुमन वर्मा, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, निशान्त, प्रभा आदि मौजूद रहे।

# पकौड़ी खाने नहीं आए- विधायक खिला ही कौन रहा है-सांसद

सहारनपुर (चिंगारी)। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और सहारनपुर देहात विधायक आशु मलिक के बीच राजनीतिक तल्खी दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की बैठक में खुलकर सामने आ गई। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर बैठक में आए हैं, यहां चाय-पकौड़ी खाने नहीं आए, तभी सांसद ने कहा कि दूसरे जनप्रतिनिधियों को भी बोलने का मौका दिया जाए, चाय-पकौड़ी कौन खिला रहा है। विकास भवन के सभागार में सांसद इमरान मसूद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक चल रही थी, इसमें जनप्रतिनिधियों के अलावा जिलाधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। विधायक आशु मलिक ने बेहड़ा गांव में चार साल पहले पीएमजेएसवाई के तहत बनाई गई सड़क को लेकर सवाल उठाया। इसी को लेकर विधायक ने अधिकारी से सवाल-जवाब शुरू कर दिए, तभी सांसद इमरान मसूद ने कहा कि दूसरे जनप्रतिनिधियों को भी बोलने का मौका दिया जाए। इसी बात को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। सांसद ने कहा कि आप नियमों में रहिए। इस पर विधायक ने कहा कि सवाल हमारा है और हम जवाब से संतुष्ट नहीं हैं।

# सांसद चन्द्रशेखर ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने धामपुर क्षेत्र के ग्राम चक शहजानी में स्थित अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अचानक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण में सांसद ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति, दवाइयां का स्टॉक और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आने पर सांसद ने नाराजगी जताई। अस्पताल पहुंचने के बाद सांसद ने सबसे पहले अस्पताल के स्टाफ का उपस्थिति रजिस्टर देखा। रजिस्टर में कई कर्मचारियों के हस्ताक्षर दर्ज थे। लेकिन निरीक्षण के समय कर्मचारी अस्पताल में नहीं थे। निरीक्षण के दौरान संविदा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठे। एक संविदा कर्मचारी बिना किसी सूचना के बाजार में खरीदारी करने गया हुआ था। इसके बाद सांसद ने अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों के स्टाक की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी के भी बिना सूचना के अस्पताल से अनुपस्थित मिलने की बात सामने आई, इस पर संसद में अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी और निगरानी बहुत जरूरी है। महिला संविदा कर्मचारियों ने अपने वेतन को लेकर भी सांसद से बात की। उन्होंने कहा कि हमारा वेतन 9000 है जो बहुत कम है।

## अधिवक्ताओं की शिकायत पर तहसीलदार धनराज के खिलाफ आयुक्त कार्रवाई शुरू

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील में तैनात तहसीलदार धनराज कुमार के खिलाफ अधिवक्ताओं द्वारा की गई शिकायत पर आयुक्त कार्यालय ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यालय आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल द्वारा दिनांक 19 अगस्त 2026 को जारी पत्र में बताया गया है कि तहसील बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी, एडवोकेट, सचिव देवेन्द्र सिंह, एडवोकेट व अन्य अधिवक्ताओं ने आयुक्त महोदय के समक्ष उपस्थित होकर तहसीलदार पर कई आरोप लगाए थे। आयुक्त से शिकायत की गई थी कि तहसीलदार द्वारा वादों को अनावश्यक रूप से लम्बित रखना, आदेश हेतु तिथि नियत करने के पश्चात बार-बार तिथियां बदलना, बहस के उपरान्त आदेश पारित न करने की शिकायत की गई थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता से शपथ पत्र व साक्ष्य मांगे गए थे, जो प्राप्त नहीं हुए हैं। अपर आयुक्त-प्रथम शशि भूषण द्वारा अधिवक्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे 27 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे स्वयं शपथ पत्र तथा शिकायतों की पुष्टि हेतु समुचित साक्ष्य के साथ उपस्थित हों। उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन धामपुर ने तहसीलदार धनराज के खिलाफ कमिश्नर से शिकायत की थी जिस पर जिला अधिकारी ने उनका स्थानांतरण नगीना कर दिया था।

## सावन में दिन रात जनसेवा करने वाले पुलिसकर्मी किये सम्मानित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में उन पुलिस वालों को सम्मानित किया गया जो पूरे सावन के महीने दिन-रात लोगों की सेवा करते रहे। एक क्लब के अध्यक्ष संजय सकलानी ने कहा कि सावन का महीना ऋषिकेश के लिए महत्वपूर्ण होता है और पुलिस विभाग द्वारा किया गया सफल आयोजन किसी चैलेंज से कम नहीं होता। उन्होंने इसके लिए पुलिस के सभी अधिकारियों को बधाई दी। क्लब के सचिव विजय रावत ने कहा ऋषिकेश के क्षेत्र में कई वर्षों से नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा था जब से कोतवाल यशपाल बिष्ट जी ने कार्य भार सम्भाला है शहर में नशे पर बहुत प्रतिबंध लग गया है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। क्लब द्वारा जिन्हें सम्मानित किया गया उनमें इंस्पेक्टर यशपाल सिंह बिष्ट, सीनियर इंस्पेक्टर नवीन जोशी, एस.आई ज्योति शर्मा, कांस्टेबल विकास राणा, कांस्टेबल मोहिनी, हेड कॉन्स्टेबल रेखा राणा, हेड कॉन्स्टेबल विपिन भाटी शामिल रहे। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, डॉ. राजे नेगी, भूपेंद्र राणा, सौरव वर्मा, सौरभ शर्मा, अंकित गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## ओम क्लब ने किया सुंदर कांड पाठ का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री ओम क्लब द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन मौहल्ला बड़वान में मुकेश अग्रवाल के निवास पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन से हुआ, जो पंडित हिमांशु शर्मा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। विशाल अग्रवाल ने सुंदरकाण्ड का गुणगान कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सरोबर कर दिया। इसके उपरांत भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें विभूतिकांत शर्मा, प्रखर, प्रकाश सैनी, विकास वशिष्ठ महाकाल, आशुतोष अग्रवाल एवं विभोर अग्रवाल ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से बजरंगबली का गुणगान किया। कार्यक्रम में आलोक अग्रवाल पिंटू, डॉक्टर शानू, राघव अग्रवाल, संजय अग्रवाल बढ़ापुरिया, सरिता अग्रवाल, मधु अग्रवाल, वाणी अग्रवाल, शिवांश शर्मा, ज्योति अग्रवाल, वीरेन्द्र कौशिक, अजीत अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, कुसुम कौशिक, अनिता शर्मा, मनीषा शर्मा, रिद्धि अग्रवाल, पूनम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## छड़ी जाहर दीवान की स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर चढ़ाया प्रसाद



छड़ी जाहर दीवान पर प्रसाद चढ़ाते हुए श्रद्धालु।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की सायं को श्रावण मास की सप्तमी तिथि पर नगर के मेन मार्केट में पंडित प्रेम शंकर शर्मा के आवास पर छड़ी जाहर दीवान की स्थापना की गई। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने छड़ी पर आटा, गुड़ व गुलदाने का प्रसाद चढ़ाया और दीप जलाकर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की।

मोहल्ला साहूवान निवासी अरुण उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, मयंक उपाध्यक्ष, हरीश भारद्राज आदि छड़ी जाहर दीवान को उसके परंपरागत मार्ग से लेकर डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग स्थित कामता प्रसाद अग्रवाल के आवास पर पहुंची और वहां स्थित मणि पर सलामी दी। इसके बाद छड़ी जाहर दीवान को मोहल्ला अफगानान, ऊंची मस्जिद, फल चौराहा होते हुए मेन मार्केट में पंडित प्रेम शंकर शर्मा के आवास पर स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की कमर पर लोहे की चंवर से आशीर्वाद प्रदान किया गया। मेले में प्रसाद, खेल खिलौने, चार्ट पकौड़ी, शीतल पेय आदि की दुकान लगी हुई थीं। संजीव शर्मा हलवाई, मुकेश शर्मा, विकास अग्रवाल, राजीव अग्रवाल आदि मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर गुलदाने का प्रसाद खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। मेले के दौरान पुलिस भी मुस्तैद रही।

## राष्ट्रीय प्रजापति समाज के जिलाध्यक्ष पंकज दक्ष को किया गया हाउस अरेस्ट

### अमरोहा में धरना-प्रदर्शन में जाने से रोका गया



**धामपुर ( चिंगारी )।** सुधांशु प्रजापति हत्याकांड को लेकर गुरुवार 20 अगस्त को अमरोहा जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन से पहले धामपुर में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) बिजनौर के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष को हाउस अरेस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। उन्हें अमरोहा जाकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होने से रोक दिया गया। आज सुबह धामपुर की फूलबाग कॉलोनी स्थित पंकज कुमार दक्ष के कैम्प कार्यालय पर धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

समाचार भेजे जाने तक पुलिस टीम कार्यालय पर मौजूद थी और पंकज कुमार दक्ष को वहां से अमरोहा जाने की अनुमति नहीं दी गई।

सुधांशु प्रजापति हत्याकांड को लेकर न्याय की मांग के समर्थन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के लोगों के अमरोहा पहुंचने का आह्वान किया गया था। प्रजापति समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के भी धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारी थी। पंकज कुमार दक्ष ने कहा कि समाज की मांग किसी राजनीतिक दल अथवा सरकार के विरोध की नहीं है, बल्कि सुधांशु प्रजापति को न्याय दिलाने की है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड की निष्पक्ष जांच, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर समाज शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाना चाहता है।

# मातावाली में घुसा नदी का पानी, डीएम ने ट्रैक्टर पर सवार होकर लिया जायजा

**बिजनौर/बढ़ापुर (चिंगारी)।** नदी का जलस्तर बढ़ने से तहसील नगीना के परगना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम मुरादबख्शपुर उर्फ मातावाली में पानी घुसने के बाद बुधवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर नदी के तट का भ्रमण किया और मौके की स्थिति का जायजा लिया। डीएम





ट्रैक्टर पर सवार होकर निरीक्षण करते हुए डीएम।

ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।

मंगलवार को नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण ग्राम मुरादबख्शपुर उर्फ मातावाली में पानी घुस गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उपजिलाधिकारी नगीना को दी। सूचना मिलते ही एसडीएम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्यों की अगुवाई की।

बुधवार को डीएम जसजीत कौर ने मुरादबख्शपुर और कादरगंज पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने गांव में निवासरत वन गुर्जर समुदाय के लोगों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

डीएम ने ग्रामीणों से नदी के पानी से बचाव के लिए सतर्कता बरतने और नदी के तट से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन प्रभावित क्षेत्र की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा और सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), उपजिलाधिकारी नगीना, क्षेत्राधिकारी नगीना, नायब तहसीलदार बढ़ापुर एवं नगीना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## धामपुर में तटबंध मजबूत करने के निर्देश

उपजिलाधिकारी धामपुर विनीत कुमार ने ग्राम नगला भज्जा, कोपा, शाहलीपुर निचल, नाथाढोई, नंदग्राम आदि क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जलस्तर बढ़ा है, लेकिन अभी कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता को तटबंध का निर्माण आगे तक पूर्ण कराने तथा सैंड पैक को रस्सी की बजाय मेटल वायर से बांधने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं और संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील गांवों का चिन्हांकन भी किया गया है। धामपुर तहसील में बाढ़ के दृष्टिगत 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम बनाया गया है। तहसील क्षेत्रवासी किसी भी आपात स्थिति या सहायता के लिए 01344-230035 पर संपर्क कर सकते हैं।

# एसडीएम सदर ने कुंदनपुर और गलखा देवी मंदिर क्षेत्र का लिया जायजा



**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिलाधिकारी सदर स्मृति मिश्रा ने तहसील क्षेत्र के ग्राम कुंदनपुर और गलखा देवी मंदिर के आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि जलस्तर में कुछ बढ़ोतरी हुई है, लेकिन कहीं भी कटान या बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। तहसील क्षेत्र के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील गांवों का चिन्हांकन किया गया है। इसके साथ ही बाढ़ चौकी भी बनाई गई है, जिसका विषम परिस्थितियों में उपयोग किया जाएगा। एसडीएम ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने बताया कि तहसील सदर में बाढ़ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे क्रियाशील है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए तहसील क्षेत्रवासी 01342-264048, 01342-262031 और 01342-262295 पर संपर्क कर सकते हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी ट्यूटर को 25 साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले टीचर को पच्चीस वर्ष कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक के अनुसार शिवाला कला थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 जनवरी 2026 को शाम 4 बजे उसके घर पर शिवाला कला थाना क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर निवासी सुनील पुत्र मामचंद रोजाना की तरह उसकी नाबालिग पुत्री सहित कई बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने आया था। पांच बजे सुनील ने सब बच्चों को घर भेज दिया, लेकिन उसकी पुत्री को रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए



बलात्कार करने लगा। उसकी पुत्री के शोर मचाने पर उसकी बहन प्रियंका आ गई, जिसने उसे बचाया। इस मामले ने पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त सुनील कुमार को पॉक्सो एक्ट की धारा 4 (2) के तहत पच्चीस वर्ष कठोर कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से भी एक लाख रुपए प्रतिकर के रूप में दिलाए जाने के भी आदेश दिए हैं।

# चप्पल गिरने का बहाना बनाकर गंगा में कूदी महिला, अभी कोई सुराग नहीं

**मंडावर (चिंगारी)।** थाना मंडावर क्षेत्र के भोजपुर गांव निवासी एक महिला ने बुधवार को बालावाली गंगा पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रही थी। बालावाली गंगा पुल पर पहुंचने पर महिला ने चप्पल गिरने का बहाना बनाकर पति से बाइक रुकवाई और बाइक से उतरते ही गंगा में छलांग लगा दी। अचानक हुई इस घटना से पति के होश उड़ गए। देखते ही देखते महिला गंगा की तेज धारा में समा गई।

भोजपुर निवासी करीब 32 वर्षीय मोटी अपने पति के साथ बाइक से हरिद्वार जा रही थी। बताया जा रहा कि दोनों हरिद्वार में नौकरी के सिलसिले में जा रहे थे। किसी बात को लेकर मोटी अपने पति से नाराज थी। जैसे ही दोनों बालावाली गंगा नदी के पुल पर पहुंचे, मोटी ने पति से कहा कि उसकी चप्पल निकलकर नीचे गिर गई है और बाइक रोकने को कहा। पति ने बाइक रोक दी। बाइक रुकते ही मोटी नीचे उतरी और अचानक पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। पति कुछ समझ पाता, उससे पहले ही वह गंगा की तेज धारा में बहकर आंखों से ओझल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला की तलाश के लिए अभियान शुरू कराया। गंगा नदी की तेज धार को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने नदी में महिला की तलाश शुरू कर दी। हालांकि अभी तक महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

मोटी के गंगा में लापता होने की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मोटी के तीन छोटे बच्चे हैं, जो फिलहाल हरिद्वार में हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल एसडीआरएफ और पुलिस की टीम गंगा नदी में मोटी की तलाश में जुटी हुई है। तेज बहाव के कारण बचाव दल को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 21 अगस्त 2026**

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक-स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# प्राइवेट अस्पतालों की अव्यवस्था पर क्षत्रीय राजपूत सभा समिति ने जताई नाराजगी

## जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर की मनमानी फीस, अनावश्यक जांच और मरीजों से दुर्व्यवहार पर कार्रवाई की मांग

**बिजनौर (चिंगारी)।** क्षत्रीय राजपूत सभा समिति ने प्राइवेट अस्पतालों में कथित अव्यवस्था, लापरवाही और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूले जाने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति ने अस्पतालों में चिकित्सीय मानकों का पालन सुनिश्चित कराने और मरीजों के हित में उचित कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह चौहान, ब्रजवीर सिंह, अतुल विक्रम सिंह, सुनील चौहान, दिनेश कुमार, विजयपाल सिंह, रविन्द्र सिंह एडवोकेट आदि शामिल रहे।



समिति ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि कई प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों से मनमाने शुल्क तथा दवाइयों के मूल्य वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा अनावश्यक लैब टेस्ट के नाम पर भी मरीजों से अधिक धन लिया जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अधिक शुल्क वसूले जाने के बावजूद मरीजों के इलाज में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। आवश्यकता पड़ने पर कई बार डॉक्टर, नर्स अथवा दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। मरीजों या उनके तीमारदारों द्वारा शिकायत अथवा आवाज उठाने पर अस्पताल स्टाफ द्वारा दुर्व्यवहार और मारपीट तक किए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

समिति ने डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ की कथित लापरवाही और उपेक्षा के कारण कई मरीजों की मृत्यु होने का भी आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा गया कि ऐसी घटनाओं को लेकर कई अस्पतालों में हंगामे की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है।

समिति ने मांग की कि प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सीय मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। साथ ही मरीजों से ली जाने वाली विभिन्न फीस का उचित निर्धारण किया जाए, ताकि इलाज के नाम पर मनमानी वसूली पर रोक लग सके। समिति ने जिलाधिकारी से इस संबंध में समुचित कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर और सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं एवं समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।

# दिव्यांग बच्चों के लिये मेडिकल असेसमेंट कैम्प का आयोजन

**नूरपुर (चिंगारी)।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा लियाकत अली की देखरेख में बीआरसी पर विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कुल 64 नामांकन किए गए, जिसमें 40 बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए गए। मानसिक रूप से कमजोर, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित बच्चों में से 18 बच्चों को मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया। कैंप में अधिकांश दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। चिकित्सक टीम में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सत्येंद्र कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.यागवेंद्र सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट सैयद फरहत अली, रविंद्र कुमार, स्पेशल एजुकेटर देवराज सिंह, सुरेश कुमार, ओमवीर सिंह, वरुण कुमार, अनिल कुमार, कपूर चंद, तेजपाल सिंह, कुलदीप कुमार, अफसाना, मुजफ्फर आदि समस्त बीआरसी स्टाफ का सहयोग रहा।



# वाहन से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**चांदपुर (चिंगारी)।** वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बुधवार को देर शाम बछरायूं निवासी यामीन कुरैशी मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। बताया जाता है कि चांदपुर-धनौरा रोड पर वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार यामीन कुरैशी गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**चांदपुर (चिंगारी)।** फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर में अंतर सदनीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।




# कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे सांसद चंद्रशेखर ने छात्राओं से बंधवाई राखी

## बच्चों से घुल-मिलकर जाना पढ़ाई का हाल



कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से राखी बंधवाते सांसद चंद्रशेखर।



विद्यालय का निरीक्षण करते सांसद चंद्रशेखर आजाद।

**नगीना (चिंगारी)।** बुधवार को नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद धामपुर मार्ग स्थित ग्राम पुरैनी के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से सीधे संवाद किया और पढ़ाई-लिखाई के साथ विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। सांसद ने बच्चों से उनके विषय, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत की। इस दौरान वह बच्चों के बीच काफी सहज नजर आए। उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याएं भी पूछीं और उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सांसद चंद्रशेखर की कलाई पर राखी बांधी। सांसद ने बच्चों के साथ काफी समय बिताया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। सांसद ने विद्यालय की व्यवस्थाओं और बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# अब बाल्मीकि चौराहे के नाम से जाना जायेगा तीन मूर्ति चौराहा

## व्यापारियों ने जताई नाराजगी, डीएम को ज्ञापन देकर तीन बंदरों की मूर्तियां स्थापित करने की मांग की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** त्रिमूर्ति चौराहा अब महर्षि बाल्मीकि चौराहे के नाम से जाना जायेगा। नगर पालिका ने इस चौराहे से गांधी जी की तीन बंदरों की मूर्तियों को हटाकर महर्षि बाल्मीकि जी की मूर्ति स्थापित कर दी है। हालांकि लोगों में इस बात को लेकर खासी नाराजगी है। व्यापारी एकता परिषद से जुड़े व्यापारियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में चौराहे पर पुनः गांधी जी की मूर्ति स्थापित करने की मांग की गई है।

व्यापारियों का कहना है कि कुछ माह पहले राम के चौराहे से बुढ़े बाबा के चौराहे तक सड़क बनाई गई थी। इस दौरान नगर पालिका परिषद ने तीन मूर्ति चौक पर बने पार्क को तोड़कर नये स्वरूप में चौक का निर्माण करा दिया था। उस समय नगर पालिका के जेई व अधिशासी अधिकारी की ओर से दुकानदारों को बताया गया था कि तीन बंदरों की मूर्तियां दोबारा उसी स्थान पर रखी जाएंगी।

ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है कि 19 अगस्त 2026 को दोपहर करीब एक बजे कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में वाल्मीकि की प्रतिमा लेकर पहुंचे और उसे चौक पर रख दिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद बिजनौर का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबे समय से तीन मूर्तियों के नाम से पहचाने जाने वाले इस चौराहे की अपनी अलग पहचान है। इसलिए यहां पूर्व में स्थापित तीन बंदरों की मूर्तियों को ही पुनः स्थापित किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से मांग की कि चौराहे पर नई परंपरा शुरू करने के बजाय पूर्व में स्थापित गांधी जी के तीन बंदरों की मूर्तियों को उसी स्थान पर लगाया जाए, ताकि चौराहे की पुरानी पहचान कायम रह सके।

ज्ञापन देने वालों में व्यापारी एकता परिषद के अध्यक्ष राहुल वर्मा, तारिक मसरूर, विनय, सुमित, अमित, अशोक, दिलशाद, धर्मेंद्र आदि शामिल रहे।

## फर्जी पत्रकारों के प्रवेश पर रोक की मांग

**नहटौर ( चिंगारी )।** प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में प्राथमिक विद्यालयों में फर्जी यूट्यूब चैनल वालों और पत्रकारिता के नाम पर फर्जी पत्रकारों के विद्यालय का निरीक्षण करने एवं जबरन अभिलेख दिखाने की मांग करने का मुद्दा छाया रहा। जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने कहा कि अनाधिकृत रूप से किसी भी व्यक्ति को विद्यालय में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अनावश्यक विद्यालय परिसर में आने पर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के बुधवार को जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह के दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित बैठक में वक्ताओ ने कहा कि अनेक फर्जी यूट्यूबर और पत्रकारिता के नाम पर फर्जी लोग विद्यालय में घुस जाते हैं। जिस पर रोक लगाने की मांग जिलाधिकारी से की है। जिला मंत्री ज्योति प्रकाश गहलोत ने कहा के बिना प्रशासनिक अनुमति या विभागीय अधिकारियों की अनुमति के किसी भी फर्जी व्यक्ति को विद्यालय समय में विद्यालय के अंदर नहीं घुसने दिया जाएगा और यदि किसी ने जबरन प्रयास किया तो उसके विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर अध्यापक द्वारा दर्ज कराई जाएगी। अनेक व्यक्ति एआई से फोटो या वीडियो बनाकर बेसिक शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि बेसिक शिक्षा विभाग उन्नति के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने सरकार से भी मांग की के इस संबंध में मानक तय करते हुए एक शासनादेश जारी करें जिससे इन फर्जी लोगों से विभाग को छुटकारा मिल सके। बैठक का संचालन राजपाल सिंह ने किया बैठक में मोबिन हसन, अजय पाल सिंह , सुधीर कुमार, महिपाल सिंह, अमर सिंह, दुष्यंत कुमार, राकेश सिंह, नवनीत सिंह, मनोज कुमार, हरपाल सिंह, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## जलालाबाद में आज़ाद समाज पार्टी की बैठक में बूथ कमेटी का गठन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नगर अध्यक्ष नदीम राईन के जलालाबाद स्थित आवास पर पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर की बूथ कमेटी की घोषणा करते हुए संगठन को मजबूत करने व आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। नगर अध्यक्ष नदीम राईन ने फरमान राईन को नगर प्रभारी, मौ. कासिम को नगर उपाध्यक्ष तथा जावेद शेख को नगर महासचिव बनाया। वहीं दिलशाद, अमजद, सोफी, शोएब, दानिश, साकिब, अय्यूब व अरशद को नगर संगठन में जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक की अध्यक्षता सुखबीर प्रधान एवं संचालन नगर अध्यक्ष नदीम राईन ने किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार ने संगठन की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने व जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद द्वारा गरीबों, मजदूरों, वंचितों व जरूरतमंदों की आवाज लगातार उठाई जा रही है, जिससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग आज़ाद समाज पार्टी से जुड़ कर पार्टी का कारवां बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, साहनपुर नगर अध्यक्ष नौशाद सरवरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किरतपुर में आम के बाग से 80 पेड़ काटे गये थे

### लेखपाल की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** आम के बाग से वृक्षों के अवैध कटान में वन रक्षक की भुमिका पर सवाल उठ रहे हैं। ईदगाह रोड स्थित आम के बाग से मात्र 25 नहीं 80 पेड़ काटे गए थे। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर जांच की तो 80 पेड़ों को अवैध रुप से काटा जाना पाया गया। लेखपाल ने जांच में बाग मालिक को आरोपी मानते हुए तहसीलदार को रिपोर्ट प्रेषित की है। लेखपाल की रिपोर्ट और वन रक्षक की रिपोर्ट एक-दूसरे के विपरीत हैं, देखना है कि तहसील प्रशासन कटान ठेकेदार और बाग मालिक पर क्या कार्यवाही करता है। गौरतलब है कि यहां किरतपुर में ईदगाह रोड पर मौजा खानपुर शर्फुद्दीन में उत्तराखंड रुड़की निवासी सलमान, जुल्फिकार और सुहेब पुत्रगण मौ. अहमद का गाटा संख्या 206/0.392 हे. व गाटा संख्या 207/0.341 हे. भूमि पर हरा-भरा आम का बाग खड़ा था। बाग में अच्छी खासी फसल आती थी, उक्त बाग को कटइयों द्वारा 15 अगस्त को काट दिया गया। हल्का लेखपाल आकाश वशिष्ठ ने बताया कि वन विभाग की बिना अनुमति के लगभग 80 हरे-भरे पेड़ों को बाग स्वामी द्वारा काट दिया गया है। इस मामले में वन विभाग के नजीबाबाद रेंजर राम कुमार ने किरतपुर में तैनात वन रक्षक दीपक से जांच करवाई तो वन रक्षक ने मात्र 25 पेड़ों का अवैध रूप से काटना दर्शाया है। जबकि मौके से 80 पेड़ गायब हैं। मात्र 25 पेड़ों का अवैध कटान दर्शाना वन रक्षक की जांच पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है, जिससे वन रक्षक और ठेकेदार की सांठगांठ उजागर होती है। गौरतलब है कि सान्ध्य दैनिक चिंगारी में भी वन रक्षक द्वारा जांच पर सवाल उठाये थे। लेखपाल की जांच रिपोर्ट से चिंगारी के सवाल सही साबित हो रहे हैं। लेखपाल की रिपोर्ट आने के बाद तहसील प्रशासन क्या कार्यवाही करता है इसका लोगों को इंतजार है।

## खेड़की के युवकों की बाइक हापुड़ में डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दूसरे की हालत नाजुक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** घर से दिल्ली जाते समय हापुड़ में मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से खेड़की के एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। युवक की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम खेड़की निवासी शबरेज 20 वर्ष पुत्र गफ्फार अहमद दिल्ली में बेकरी में काम करता था। बुधवार को शबरेज गांव के ही अपने साथी इमरान पुत्र मौ. अकरम के साथ मोटरसाइकिल से दिल्ली जा रहा था। बताया जाता है कि हापुड़ जिले के उपेडा गांव के पास मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से मोटरसाइकिल सवार शबरेज व इमरान गम्भीर रूप से घायल हो गये, उपचार के दौरान शबरेज की मौत हो गई। गम्भीर रूप से घायल मौ. इमरान का अस्पताल में उपचार चल रहा है। बुधवार की शाम को शबरेज का शव गांव पहुंचने पर उसके घर में कोहराम मच गया।

## सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने तहसील सभागार में किया पौधारोपण



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सावन माह के अवसर पर सखी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से तहसील सभागार में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने चोसा व बनारसी आम की प्रजातियों के पौधे लगाए। डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने कहा कि लगाए गए पौधे उचित देखभाल के साथ अगले वर्ष तक फल देने योग्य हो जाएंगे। ये पौधे भविष्य में तहसील परिसर में आने वाले लोगों को स्वादिष्ट फल देने के साथ गर्मी में शीतल छाया भी प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सावन पौधारोपण के लिए सबसे अच्छा समय है। इस मौसम में लगाए गए पौधों के पनपने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि सावन के इस पावन माह में अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा पौधों की नियमित देखभाल भी करें। डॉ. राखी ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही हमारा उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली, फल व छाया का आधार बन सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जन-अभियान बनाने और एक पौधा लगाएं, एक वृक्ष बचाएं के संकल्प के साथ सावन माह को सार्थक बनाने का आह्वान किया। सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## वंदेमातरम की अवहेलना कांग्रेस का देशविरोधी कदम- विकास अग्रवाल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संसद द्वारा अभी हाल ही में राष्ट्रगान के पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाये जाने की अनिवार्यता के नियम की कांग्रेस द्वारा अवहेलना किये जाने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला महामंत्री एवं नजीबाबाद विधानसभा सीट से टिकट के दावेदार विकास अग्रवाल ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने इसे कांग्रेस का मुस्लिम वोटों के खिसक जाने के दबाव के चलते देशद्रोही कदम बताया है। उन्होंने यह विचार नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम तिसोतरा में संदीप चौधरी के आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसे गाते हुए आजादी के दीवाने हंसते हुए फांसी के फंदे पर झूल गये थे। परंतु कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण में राष्ट्रगीत का विरोध का कर रही है। जिसकी भारतीय जनता पार्टी तीखी भर्त्सना करती है।



# मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक : साकेन्द्र प्रताप



## मेला छड़ी जाहर दीवान का उद्घाटन

**गंज (चिंगारी)।** महात्मा विदुर की तपोभूमि के समीप गंज में गंगा घाट पर श्रावण मास में लगने वाला मेला छड़ी जाहर दीवान का उद्घाटन बुधवार को मंत्रोच्चार के साथ जिला पंचायत प्रशासक चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह तथा नगर पालिका बिजनौर की अध्यक्ष इंदिरा सिंह एवं सीडीओ रणविजय सिंह ने किया। पंडित शिवकुमार ने विधि विधान से अतिथियों से पूजन करवाकर मेले का शुभारंभ कराया।

इस अवसर पर साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारी आस्था से जुड़े सभी मेले भारतीय संस्कृति का प्रतीक हैं। यह छड़ी जाहर दीवान का मेला हम पुराने समय से देखते आए हैं। चार दिन चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रहती है, जिनकी सुविधा के लिए जिला पंचायत ने अच्छी व्यवस्था की है। इस बार मेले में 16 सीसीटीवी कैमरे, पेयजल के लिए नल, सफाई की व्यवस्था, अच्छे पथ प्रकाश की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के स्नान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था, अस्थायी शौचालय की विशेष सुविधा कराई गई है।



इस अवसर पर नगर पंचायत झालू के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, डॉक्टर धर्मवीर सिंह, बबलू सल्लापुर चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य आसाराम, उत्तम कुमार, फुरकान अहमद, अमर सिंह, संजीव मलिक, ज्ञानेंद्र सिंह जंघारा सहित सैकड़ो क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। मेला छड़ी दीवान के पुलिस इंचार्ज प्रवेश पाठक ने बताया कि इस वर्ष मेले में 10 उपनिरीक्षक, 70 कांस्टेबल, 28 महिला कांस्टेबल, एक प्लाटून पीएसी, 1 ट्रैफिक निरीक्षक, 5 ट्रैफिक कांस्टेबल के साथ फायर सर्विस की भी तैनाती रहेगी।






# आरआर पब्लिक स्कूल में हुआ त्रिवेणी ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**नूरपुर (चिंगारी)।** आरआर पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक ज्ञान पर आधारित त्रिवेणी ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कक्षा नौ से कक्षा बारहवीं तक के 85 छात्र -छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने बताया कि ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन एंड अशोक कुमार गुप्ता टीचर्स कालोनी धामपुर के तत्वावधान में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान परीक्षा का स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के मानसिक विकास और शैक्षणिक कौशल को बढ़ाने में सहयोग करती है। इस परीक्षा में रामायण, महाभारत, वेद पुराण व संस्कृत ज्ञान से संबंधित करीब चालीस प्रश्न पूछे गए। यह परीक्षा पचास अंकों की थी। इसमें सभी कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग प्रश्न पत्र दिया गया। धामपुर से पर्यवेक्षक के रूप में आए सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा को सफल बनाने में स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, शिक्षक चंचल कटारिया, संजीव डबास, रितु राजपूत, गौरव चौहान, अनुराग शर्मा आदि का सहयोग रहा।



# कूड़े के ढेर में मिला नवजात शिशु का शव

**मंडावर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को एक नवजात शिशु का शव कूड़े के ढेर में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई कि नवजात शिशु को जानबूझकर छोड़ा गया या कोई अन्य परिस्थिति रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास पूछताछ शुरू कर दी है। मंडावर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि नवजात शिशु के पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच कर जानकारी जुटाई जा रही है।



# स्प्रिंग फील्ड एकेडमी में बच्चों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को नशे की लत से हमेशा दूर रहने तथा दूसरों को भी नशे से होने वाले नुकसानों के प्रति सचेत करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बताया कि नशा न केवल इंसान को, बल्कि उसके परिवार को भी बर्बाद कर देता है। उसके पश्चात कक्षा तीन, चार में इसी विषय पर हिंदी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कक्षा 6 से 9 तक में अलग-अलग स्लोगन के साथ बच्चों ने पोस्टर बनाकर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 10, 11 और 12 के छात्रों ने नशे का बहिष्कार करने की अपील करते रंगों के द्वारा निर्मित पोस्टर बनाये।

# कल निकलेगी पुरानी पेंशन तिरंगा यात्रा

## अटेवा की बैठक में कर्मचारियों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग और टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से कल, 21 अगस्त को आयोजित होने वाली पेंशन तिरंगा यात्रा की सफलता को लेकर आईटीआई, विद्युत वितरण खंड और नलकूप विभाग में बैठकें आयोजित की गईं।

अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि संगठन पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढ़संकल्पित है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि संघर्ष के क्रम में 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर पेंशन तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा इंदिरा बाल भवन, बिजनौर से दोपहर दो बजे शुरू होगी।



इसके बाद 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली आयोजित की जाएगी।

आईटीआई कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है और अटेवा इसके लिए मजबूती से संघर्ष कर रहा है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि और विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एवं अटेवा जिला प्रवक्ता लोकेन्द्र चौधरी ने भी कर्मचारियों से पेंशन तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर शहबाज के पैर में गोली लगी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पशु तस्करों से हुई पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी भाग जाने में कामयाब हो गया। क्षेत्र के गांव गोहावर के जंगल के रास्ते में पुलिस चैकिंग कर रही थी। बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में चलाई गई गोली पशु तस्कर शहबाज उर्फ गुल्लू के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह लड़खड़ाकर गिर गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, उसका दूसरा साथी सरफराज जंगल में भाग गया। हालांकि पुलिस ने जंगल में काम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस की गोली से घायल हुआ शहवाज उर्फ गुल्लू पुत्र मुर्तजा ग्राम गांवड़ी पनियाला का है, जबकि उसका साथी बाइक छोड़कर जंगल में भाग गया। शहबाज उर्फ गुल्लू ने बताया कि वह जंगल में आवारा पशुओं की तलाश में घूमते रहते हैं। मौका


पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ पशु तस्कर

मिलते ही आवारा पशुओं का वध कर उनका मांस इधर-उधर बेच देते हैं और अवशेषों को जंगल में फेंककर निकल जाते हैं। पुलिस ने आरोपी शहबाज उर्फ गुल्लू के पास से एक छुरी, एक चापड़, एक लकड़ी का गुटखा, एक रस्सी, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक नया कारतूस, एक खाली कारतूस और घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी पर नहटौर, नूरपुर थाने में आधा दर्जन गोवध और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस घटना के बाद फ़रार हुए दूसरे आरोपी सरफराज की तलाश में जुट गई है।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES Better Always TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# गोल्डन लायनेस क्लब ने किया डीसीपी विजिट कार्यक्रम का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर मेन द्वारा एक रेस्टोरेंट, बिजनौर में डीसीपी विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसीपी जीएल नीतू जैन, वीएमसीसी जीएल मनजीत चौधरी एवं मुख्य लेखा परीक्षक जीएल मीनाक्षी गुप्ता की उपस्थिति रही। इसके साथ ही पूर्व जिला परिषद जीएल खुशबू कर्णवाल, जिला सचिव जीएल मनु अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष जीएल शिप्रा गर्ग, क्षेत्र अध्यक्ष जीएल काजल एवं क्षेत्र अध्यक्ष जीएल सोनिया भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्षा जीएल अनामिका राजपूत ने की, जबकि मंच का

## पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्लब की शपथ ली

संचालन जीएल विनिता राजपूत एवं जीएल भूमिका द्वारा किया गया। वीएमसी जीएल मनजीत चौधरी, प्रवेश अधिकारी द्वारा नव-नियुक्त सदस्यों को पिन लगाकर क्लब की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्लब की थीम जिओ और जीने दो के अंतर्गत किए गए पांच सेवा प्रोजेक्ट रहे। क्लब द्वारा जरूरतमंद एवं गरीब विद्यार्थियों की सहायता, गौशाला में दान एवं सहयोग, जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग, दृष्टिबाधित दंपति को राशन एवं दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं का वितरण तथा एक जरूरतमंद महिला को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई मशीन दी गई।

# मो. जैद ने किया लाइब्रेरी का निरीक्षण

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका नहटौर द्वारा बनाई जा रही लाइब्रेरी का चेयरपर्सन पति मौ.जैद रशीद ने निरीक्षण किया। एक करोड़ से अधिक की लागत से बन रही यह दो मंजिला डिजिटल पुस्तकालय होगा। इस मौके पर मौ. जैद रशीद ने कहा कि यह नहटौर के युवाओं के बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम है। यह पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं होगा। यह छात्रों और युवाओं के बेहतर भविष्य का सपना पूरा करने का भी एक माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में 40 कंप्यूटरों से सुसज्जित डिजिटल स्टडी सुविधा एवं आधुनिक उपकरण रहेंगे। छात्र व छात्राओं के लिए अलग-अलग फ्लोर पर पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ पुस्तकालय बनेगा। इस अवसर पर पालिका लिपिक विशेष उपाध्याय, सलीम अहमद, रमेशचंद्र आदि उपस्थित रहे।



# एफएलएन का प्रथम बैच का प्रशिक्षण संपन्न

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** 12 अगस्त से राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज, आसफाबाद चमन में आयोजित पांच दिवसीय (मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मकता (एफएलएन) प्रशिक्षण का पहला बैच बुधवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा द्वारा किया गया था, जिसमें प्राथमिक स्तर के 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में संदर्भ दाताओं अब्दुल साजिद, शैलेंद्र सिंह गहलोत, भोगराज सिंह, नौशाद अहमद एवं जोगेंद्र कुमार ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीईओ प्रेम सिंह राणा ने प्रतिभागी शिक्षकों/शिक्षिकाओं को समयबद्धता का पालन करने और अपने-अपने विद्यालयों में



प्रशिक्षण के अनुसार छात्रों के लर्निंग गैप को दूर कर लर्निंग आउटकम्स में सुधार लाने को निर्देशित किया।

# शिक्षणेत्तर व आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने दिया धरना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कैशलेश चिकित्सा सुविधा सहित शासन में लंबित मांगों को लेकर शिक्षणेत्तर व आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर पर धरना दिया। संगठन की ओर से 11 सूत्रीय मांग-पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा गया। इस मौके पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षणेतर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित करने पर गहरी नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के साथ अनुदेशक, शिक्षामित्र व रसोइयां को यह लाभ दिया गया, जबकि माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को यह लाभ दिया और इसी विभाग के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नजर अंदाज किया गया। वक्ताओं ने शासन में वर्षों से लंबित शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, पुरानी पेंशन बहाली, प्रबंध समिति




में भागेदारी, पदोन्नति में 22 बी का लाभ, लिपिकीय वर्ग की वेतन विसंगति सहित आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को कोषागार से नियमित वेतन देने व शोषण बंद करने की मांगों को पूरा करने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा मांगें पूरी होने तक संगठन कर्मचारी हित की लड़ाई लड़ता रहेगा।

सभा को जिला समन्वयक मुकेश सिन्हा, जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला मंत्री योगेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष जिवेनदर कुमार सहित अनुराग भारद्वाज, सतेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, अनुज चतुर्वेदी, मातवर सिंह, पवित्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, अरूण कुमार, शिवनंदन यादव, उमेश प्रकाश आदि ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता मुकेश सिन्हा व संचालन अनुज चतुर्वेदी ने किया।

# अंकिता हत्याकांड के तीनों दोषियों की जमानत फिर खारिज

## दोषियों की जमानत खारिज होना मजबूत कानूनी पैरवी का प्रमाण : हनी पाठक

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती हनी पाठक ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में तीनों दोषियों की जमानत याचिकाएं खारिज होने पर कहा कि यह मामला किसी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विषय नहीं, बल्कि एक बेटी को न्याय दिलाने की लड़ाई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने घटना के सामने आते ही त्वरित कार्रवाई की और शुरुआत से ही न्याय सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई। इसके बाद सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि


श्रीमती हनी पाठक

मामला केवल गिरफ्तारी तक सीमित न रहे, बल्कि न्यायालय में मजबूत साक्ष्यों के साथ प्रभावी पैरवी हो। करीब 500 पन्नों की चार्जशीट में लगभग 100 गवाहों के बयान और महत्वपूर्ण साक्ष्य शामिल किए गए।

श्रीमती पाठक ने कहा कि मजबूत जांच और अभियोजन का परिणाम न्यायालय के फैसले में सामने आया, जिसमें तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। अब एक बार फिर उनकी जमानत याचिकाएं खारिज होना दर्शाता है कि न्यायिक प्रक्रिया के दौरान भी उन्हें कानूनी राहत नहीं मिल सकी।

उन्होंने कहा कि विपक्ष यदि सरकार की नीयत पर सवाल उठाता है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि अंकिता के परिवार की मांगों का सरकार ने किस तरह सम्मान किया। परिजनों की मांग पर तीन बार सरकारी अधिवक्ता बदले गए और माता-पिता की मांग पर सीबीआई जांच के आदेश भी दिए गए। सरकार ने पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा, बल्कि 25 लाख की आर्थिक सहायता के साथ अंकिता के पिता और भाई को रोजगार भी उपलब्ध कराया।

## प्रेस क्लब ऋषिकेश के संस्थापक अध्यक्ष हरीश तिवारी के निधन पर शोक व्याप्त

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** प्रेस क्लब ऋषिकेश के संस्थापक अध्यक्ष हरीश तिवारी के निधन पर पत्रकार, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी समेत अनेक लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और एम्स ऋषिकेश में भर्ती थे। मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। दोपहर को चंद्रेश्वर नगर स्थित मुक्ति धाम में उनके पार्थिव शरीर को पुत्र आयुष तिवारी ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम दर्शन में विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, महापौर शंभू पासवान, उत्तराखंड मौन पालन परिषद उपाध्यक्ष गिरीश डोभाल, शूरवीर सिंह सजवाण, अनीता ममगाईं, भगत राम कोठारी, सुधीर राय, राजेंद्र सजवान, राकेश सिंह मियां, ललित मोहन मिश्र, जयेंद्र रमोला, प्रतीक कालिया, ज्योति सजवाण, राकेश सिंह, चंद्रवीर पोखरियाल, गुड्डू अग्रवाल, मनोज द्विवेदी, वीरेंद्र सजवान वीरू, देवेंद्र रावत, आशु डंग, भगवान सिंह पंवार, देवेंद्र प्रजापति, सरोजनी थपलियाल, राम कुमार संगर, दिनेश सती, विनोद जुगलान, डॉ. लोकेश सलूजा, आशुतोष शर्मा व आदि उपस्थित रहे। परमार्थ निकेतन स्वर्गाश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, स्वास्थ्य एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, समाजसेवी बचन पोखरियाल आदि सहित प्रेस क्लब ऋषिकेश के सदस्यों ने भी संस्थापक अध्यक्ष के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## भारत में संचार क्रांति राजीव गांधी की देन - हुमायूं बेग

**बिजनौर। ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग ने कहा राजीव गांधी ने संचार क्रांति लाकर आधुनिक भारत के रूप में देश को विश्व पटल पर ला कर खड़ा किया। देश के प्रत्येक गाँव में पीसीओ बूथ बनाकर आम नागरिकों को दूरसंचार से जोड़ने का काम किया था।

उन्होंने आगे कहा देश के युवा प्रधानमंत्री होने के नाते राजीव जी ने मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की। पंचायती राज संस्थाओं को मज़बूत तथा संवैधानिक दर्जा दिलाने की नींव रखी। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा। शिक्षा सुधार के लिए उन्होंने नवोदय विद्यालयों की स्थापना कर देश के मेधावी गरीब छात्रों के लिए



सुगम, और सरल शिक्षा का ऐतिहासिक कार्य किया। देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए उन्होंने कई ऐतिहासिक शांति समझौते किए जिसमें पंजाब, असम, मिजोरम तथा श्रीलंका शांति समझौते प्रमुख हैं।

कार्यक्रम में, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व कमिश्नर आरके सिंह, विनोद तोमर, विक्रम सिंह, मीनू गोयल, मो. खालिद, जाफर हसनैन, यूसुफ अंसारी, आसिफ़ कुरैशी, समीर, इब्राहिम, राक़िब आलम, नादिर मलिक, मो. अकबर, क़ाज़ी आतिफ़, सलीम अहमद, अनिल त्यागी, समद आज़ाद, इक़बाल ठेकेदार, वीरेश गहलौत आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## नित्य शिवलिंग की पूजा करना सबसे बड़ा धर्म - रामदास जी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में श्रावण मास में नवीन मंडी समिति में चल रही शिव महा पुराण कथा के दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारे रामकृपा धाम आश्रम के पीठाधीश्वर कथा व्यास श्री रामदास जी महाराज ने कहा कि नित्य शिवलिंग की पूजा करना सबसे बड़ा धर्म है। जो यज्ञ, तीर्थ एवं पूजा नहीं कर पा रहा है, वह केवल महादेव अर्थात शिवलिंग की पूजा करने से सभी शुभ कर्मों का पुण्य प्राप्त कर लेता है। जो व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चलता है एवं धर्म को स्वीकार करता है उसे अपने जीवन में अपार सुख शांति प्राप्त होती है। महाराज श्री ने कथा में तीन महासाधन बताए है उन्होंने कहा कानों से सत्संग श्रवण, वाणी से भगवान शिव का नाम, और मन से भगवान का ध्यान करना, इन्हीं तीनों साधनों से जीव के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। महाराज श्री ने बताया कि जीवन में एक ग्रंथ को, एक मंत्र को, एक गुरु को, एक नाम को स्वीकार कर के जीव अपने मन को बलशाली बना लेता हैं। मन बलशाली होते ही उसके द्वारा जनहित में किए गए बड़े बड़े क्रांति कार्य होने लगते है। कथा में सुरेश सिंह, करन सिंह, जितेंद्र शरम, रमेश चौहान, पुनीत शर्मा, संजय वशिष्ठ, डॉ नवदीप दुबे, केके चंद्रा, रघुवीर शरण शर्मा, रेखा यादव, उर्मिला देवी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, पुष्पा मारवाड़ी, प्रमोद चौहान, विजय सीमेंट वाले आदि मौजूद रहे।



## राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महती भूमिका - कुलदीप विद्यार्थी

### नवलपुर गुरुकुल की छात्राओं ने समां बांधा

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द के मंडी स्थल पर चल रहे आर्य समाज हीमपुर दीपा के वार्षिकोत्सव का दूसरा दिवस नवलपुर गुरुकुल की बालिकाओं को समर्पित रहा। उनके गायन से सत्र का शुभारंभ हुआ। उनकी प्रस्तुति को काफी सराहना मिली। सत्संग सभा में आर्य जगत के प्रसिद्ध प्रचारक एवं प्रसिद्ध भजनोंपदेशक महाशय कुलदीप विद्यार्थी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका और महर्षि दयानंद सरस्वती के द्वारा महिला उत्थान विषय पर चर्चा की। उन्होंने प्रवचन और भजनो के माध्यम से बताया कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका प्राथमिक और एक आधारशिला के समान होती है, इसलिए महर्षि दयानंद सरस्वती ने नारी शिक्षा और समानता तथा कुरीतियो के विरुद्ध आवाज बुलंद कर महिला उत्थान के लिए महंती प्रयास किये। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि नारी के बिना किसी भी संस्कारवान समाज और राष्ट्र निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दौरान प्रसिद्ध भजनोपदेशिका एवं आर्य जगत की प्रसिद्ध प्रचारिका छवि आर्या, महाशय घासीराम आर्य, महाशय कल्याण सिंह आर्य द्वारा प्रेरक भजन प्रस्तुत किए गए। प्रात: कालीन सत्र में हवन कीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस अवसर पर रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य रालोद के वरिष्ठ नेता महावीर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार मा. राजपाल सिंह, मा. दुष्यंत कुमार, रोषित कुमार, मा. शिव कुमार आर्य, सुरजीत आर्य, भाजपा के संग्राम सिंह, अजीत सिंह प्रधान, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, आर्य सभा बिजनौर के सुबोध कुमार आर्य, आर्य समाज फीना के शमशेर सिंह, दिनेश कुमार बहादुर आर्य, भूदेव सिंह आर्य, अमित कुमार आर्य, आर्य समाज शेरपुर कल्याण से मा. ब्रह्मपाल सिंह, भानु प्रताप सिंह, मा. सुरेश शर्मा, तेजपाल सिंह आर्य, आर्य समाज सुवाहेडी के सुरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, इस्माइलपुर आर्य समाज के रणधीर सिंह और शादीपुर मिलक आर्य समाज के प्रधान आदि के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गुलदार ने शेरकोट में घर के बाहर बंधे बछड़े को मार डाला

### घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद, लोगों में दहशत



**शेरकोट ( चिंगारी )।** बुधवार की रात गुलदार ने मुहल्ला फतेहनगर में घर के बाहर बंधे एक बछड़े को मार डाला। शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। गुलदार के आबादी क्षेत्र में आने से दहशत का माहौल है।

नगर के मुहल्ला फतेहनगर निवासी दिलावर सिंह का घर हरेवली तिराहे के निकट पुल के नीचे से ईदगाह की ओर जाने वाले रास्ते पर है। दिलावर सिंह ने बताया कि रोज की भांति कल रात भी उनकी गाय और उसका लगभग छ: माह का बछड़ा घर के बाहर बंधे थे। देर रात करीब साढ़े बारह बजे गुलदार वहां आया और बछड़े पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बछड़े को खींच कर ले जाने का प्रयास कर रहे गुलदार को देखकर बछड़े स्वामी को जगाया। मौके पर पहुंचे लोगों के शोर मचाने पर गुलदार बछड़े को मृत हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अनुसार गुलदार ने बछड़े को ले जाने के लिए पूरा जोर लगाया, परंतु रस्सा ना टूट पाने से वो बछड़े को ले जाने में सफल नहीं हो सका। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई। आबादी क्षेत्र में गुलदार के आने का पता लगने से लोगों में दहशत फ़ैल गई। उधर पास में ही स्थित सिंचाई कालोनी निवासी कलवा सिंह ने बताया कि पिछले कई माह से रात के समय रोज़ गुलदार कालोनी में घूमता नजर आ रहा है। वह कालोनी के अधिकतर आवारा कुत्तों को निवाला बना चुका है। दिन ढ़लते ही कालोनी में गुलदार के आने से कालोनीवासी दहशत के कारण रात को घरों से निकलते हुए घबरा रहे हैं। घटना की सूचना बछड़े स्वामी दिलावर सिंह ने वन विभाग के अधिकारियों को देते हुए पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# जल निकासी एवं जनसुरक्षा के लिए नगर निगम ने उठाए प्रभावी कदम

## नगरायुक्त ने दिये अधिकारियों को जल भराव वाले क्षेत्रों में भ्रमण के निर्देश

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर निगम, सहारनपुर ने जलभराव के निराकरण एवं नागरिकों के जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाये हैं। नगरायुक्त ने बताया कि जल निकासी एवं जलभराव निवारण के लिए समस्त नालों की सिल्ट सफाई एवं गाद निकासी का कार्य पूर्ण कर दिया गया है तथा जलभराव संभावित क्षेत्रों में पंप सक्रिय रखते हुए चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। वार्ड स्तर पर भी आपातकालीन टीमें गठित की गई हैं।



नगरायुक्त शिपू गिरि ने समस्त जोनल अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे जलभराव क्षेत्रों का भ्रमण कर समीक्षा करें तथा स्थलों का व्यक्तिगत निरीक्षण करें और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राहत एवं प्रबंधन कार्यों के लिए संबंधित विभागों से उचित समन्वय एवं सहयोग स्थापित किया जाना अनिवार्य है।

नगरायुक्त ने खतरनाक स्थानों, खुले मेनहोल एवं विद्युत पोलों की बैरिकेडिंग कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु सतर्क करते हुए 24 घंटे नियंत्रण कक्ष संचालित रखने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने आपदा प्रबंधन दल तैयार रखने पर भी जोर दिया है, और नागरिकों से किसी भी ऐसी समस्या के लिए नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 8477008015, 8477008027, 8477008057 व 8477008058 पर सूचना देने को कहा है।

### अभिभावकों से अपील की

नगरायुक्त ने बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि वर्षा ऋतु में तालाबों, नहरों, नदियों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी का स्तर बढ़ गया है। अतः वे अपने बच्चों को जलाशयों के पास अथवा जलभराव वाले स्थानों पर खेलने/जाने की अनुमति न दें। उन्होंने बताया कि लोगों को इस संबंध में जनजागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों से पार्षदों एवं आर.डब्ल्यू.ए. के साथ बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

# पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर सुरक्षा घेरा तोड़ा गया

## इस्लामाबाद की कार्रवाई के बाद भारत का एक्शन

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत ने पाकिस्तान से जुड़े एक केंद्र पर सख्त कार्रवाई की है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय अधिकारियों ने दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर का सुरक्षा घेरा हटाने का फैसला लिया है। हाई कमीशन के बाहर से सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि उच्चायोग के बाहर बाड़े की तरह लगाया गया बाहरी सुरक्षा घेरा हटा दिया गया है। अधिकारियों ने ट्रैफिक बोलार्ड और बैरिकेड्स भी हटा दिए हैं। पहले इस डिप्लोमैटिक परिसर की सुरक्षा के कारण यहां घेरा बनाकर रखा गया था। पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर का सुरक्षा घेरा हटाने की कार्रवाई क्यों की गई है, इस संबंध में भारत सरकार, दिल्ली पुलिस या किसी अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, ये बात जगजाहिर है कि भारत और पाकिस्तान के संबंध में तनाव लंबे समय से बरकरार है। पड़ोसी मुल्क के नेता और सैन्य अफसर अक्सर अपने बड़बोलेपन से रिश्तों की दरारों को और चौड़ा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखते। दिल्ली में उठाए गए इस कदम को इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के बाहर पाकिस्तान की हालिया कार्रवाई के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ दिन पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय हाई कमीशन के बाहर लगाए गए पार्किंग पोल हटा दिए थे। इसके बाद भारत की ओर से भी पाकिस्तान के राजनयिक मिशन के बाहर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस के मुशायरे में गूंजे देशभक्ति के तराने, शायरों ने लूटी वाहवाही

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा स्थित अलखुशी बैंकट हॉल में आल इंडिया मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया। मुशायरे में देश के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों ने देशभक्ति, भाईचारे और सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत कलाम पेश कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। देर रात तक चले मुशायरे में श्रोताओं ने शायरों को बार-बार दाद देकर उनका उत्साह बढ़ाया। मुशायरे का आयोजन सभासद मुहम्मद शारिक के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने फीता काटकर किया। इसके बाद अलहिन्द फैजे आम समिति, कोतवाली देहात के डायरेक्टर हाफिज अब्दुल कय्यूम ने शमा रोशन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

## अलखुशी बैंकट हॉल में आयोजित आल इंडिया मुशायरे में उमड़ी श्रोताओं की भीड़, नामचीन शायरों ने बांधा समां

मुशायरे की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मरगूब रहमानी ने की, जबकि मालेगांव से आए इमरान राशिद ने कुशल संचालन करते हुए पूरी रात कार्यक्रम को शानदार अंदाज में आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त मुहम्मद अय्यूब तथा सभासद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आदिल ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुशायरे में वरिष्ठ शायर शनावर किरतपुरी को श्रोताओं ने देर तक सुना। उनकी शायरी पर बार-बार तालियां बजीं। उन्होंने खूब दाद बटोरी। ताहिर सऊद किरतपुरी ने भी अपने उम्दा अशआर से श्रोताओं को प्रभावित किया और जमकर वाहवाही लूटी।




नौजवान शायर मैराज बिजनौरी ने अपनी प्रभावशाली शायरी से ऐसा समां बांधा कि युवा श्रोता विशेष रूप से उत्साहित नजर आए। उनकी शायरी को सुनने के लिए युवाओं ने बार-बार फरमाइश की। चांद देवबंदी और रमीज वाहिद की शायरी को भी श्रोताओं ने खूब पसंद किया।

उबैद नजीबाबादी, इम्तियाज अज़हर और शाबान आलम ने देशभक्ति से संबंधित कलाम पेश कर मुशायरे में देशप्रेम का रंग भर दिया। उनके कलाम पर श्रोताओं ने तालियों और वाहवाही के साथ उत्साहवर्धन किया। वहीं जहीन गुल और सलाहुद्दीन अकरम ने भी अपने कलाम से खूब दाद बटोरी। मुशायरे की अध्यक्षता कर रहे मरगूब रहमानी की शायरी को भी श्रोताओं ने काफी पसंद किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयोजक एवं पत्रकार मुशब्बर हुसैन के नेतृत्व में इंतजामिया कमेटी के सदस्यों पत्रकार इंतजार शेख, डॉ. ए रहमान, परवेज अकील, सुहैल अहमद, शुएब मलिक और शमशुद्दीन सिद्दीकी आदि ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी मेहमानों और शायरों की गुलपोशी कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक एवं पत्रकार मुशब्बर हुसैन ने सभी अतिथियों, शायरों, आयोजकों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रम देशभक्ति, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूत करते हैं। देर रात तक चले मुशायरे का श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया।

# कुछ रिश्ते स्मृति नहीं, धड़कन बन जाते हैं!

17 अगस्त को मयंक मयूर की तृतीय पुण्यतिथि पर अग्रवाल धर्मशाला, बिजनौर में हवन एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। मयंक को स्मृतियों में संजोने वाले यूं तो बहुत लोग हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जिनके हर पल और हर धड़कन में मयंक बसे हैं। उनमें सबसे पहला नाम उत्तम कुमार 'पिंटू' का आता है।






मयंक मयूर के साथ पौधारोपण करते हुए उत्तम कुमार उर्फ पिंटू ( फाइल )

पिंटू से जब भी मिलिए, बात मयंक तक पहुंच ही जाती है। वह अक्सर कहते हैं- 'मयंक भाईसाहब मेरे गुरु नहीं, भगवान हैं।' पिछले तीन वर्षों में फेसबुक पर उनकी अनगिनत पोस्ट मयंक के प्रति उनके प्रेम और श्रद्धा की गवाही देती हैं।

मयंक के अंतिम दिनों की एक निशानी पिंटू के पास आज भी सुरक्षित है। गंभीर बीमारी के दौरान, अपने अंतिम सफर से कुछ दिन पहले मयंक ने अपने हाथों से उनके लिए एक संदेश लिखा और दो रूमाल भी भिजवाए।

उस हस्तलिखित संदेश में लिखा था- 'उत्तम को सर्वोत्तम बनाने वाला चरित्र'।

मयंक मयूर
30-07-2023

कुछ शब्द, लेकिन पिंटू के लिए पूरी जिंदगी की पूंजी। मयंक की लिखावट में लिखा यह संदेश आज केवल कागज नहीं, बल्कि उनके स्नेह, विश्वास और उस अनमोल रिश्ते की जीवित निशानी है। वे दोनों रूमाल भी पिंटू के लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं हैं। वह कहते हैं कि मयंक से बड़ा कोई सम्मान और पुरस्कार उनके लिए नहीं हो सकता- ये उनकी धरोहर हैं।



मयंक मयूर

किसी के जाने के बाद उसकी तस्वीरें संभालना आसान है, लेकिन उसे अपने हर संवाद और हर धड़कन में जीवित रखना कठिन। पिंटू ने यह कर दिखाया है। समय बीतता रहेगा, पुण्यतिथियां आती रहेंगी, लेकिन मयंक की स्मृति पिंटू के लिए कभी पुरानी नहीं होगी, क्योंकि कुछ लोग चले जाने के बाद स्मृति नहीं बनते, वे धड़कन बन जाते हैं। मयंक मयूर को विनम्र श्रद्धांजलि।

**योगी, बिजनौर**




# भारत से हार, पाकिस्तान हॉकी विश्व कप से बाहर

## 5-3 से हराकर भारत ने दूसरे दौर में बनाई जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** नीदरलैंड्स में एम्सटलवीन के वेगनर मैदान पर भारत ने पाकिस्तान को हराकर अगले दौर की तरफ अपने कदम बढ़ा लिए हैं। भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर दूसरे दौर में शान के साथ प्रवेश किया। वहीं इस हार के साथ ही पाकिस्तान का सफर इस वर्ल्ड कप में यही खत्म हो गया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार शॉट लगाकर गेंद को सीधे गोल में डाल दिया और भारत को बढ़त दिला दी।

पहले क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले भारतीय फॉरवर्ड अभिषेक का शानदार खेल देखने को मिला। उन्होंने अपनी बेहतरीन सूझबूझ और स्टिक-वर्क से पाकिस्तानी डिफेंडर्स को चकमा देते हुए एक हैरतअंगेज गोल दागा। हालांकि गोल के आखिरी टच को लेकर थोड़ा भ्रम जरूर रहा, लेकिन अभिषेक के इस गोल ने स्टेडियम में मौजूद भारतीय फैन्स को झूमने पर मजबूर कर दिया।

पाकिस्तान ने आक्रामक हमला बोलते हुए वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंडर जुगराज सिंह ने सही समय पर शानदार बचाव करते हुए इस खतरे को टाल दिया। इसके बाद भारत ने रणनीतिक बढ़त बनाई। पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सीधे ड्रैग-फ्लिक करने के बजाय राजेंद्र सिंह की तरफ पास दिया। हालांकि गोलकीपर ने राजेंद्र के शॉट को रोक लिया, लेकिन भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और रीबाउंड पर हरमनप्रीत ने एक सटीक शॉट लगाकर तीसरा गोल दाग दिया। मैच में पाकिस्तान ने भी हार नहीं मानी और हन्नान शाहिद के ज़रिए अपना पहला गोल हासिल किया। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने हन्नान के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया था, लेकिन हन्नान ने ढीली गेंद पर तेज़ी दिखाते हुए रीबाउंड को दूर के कोने में गोल में बदल दिया। भारत ने भी तुरंत जवाब देने में देर नहीं की। फॉरवर्ड खिलाड़ी अभिषेक ने पाकिस्तानी डिफेंस को चकमा देते हुए गेंद को आगे बढ़ाना चाहा, जहां गेंद विरोधी खिलाड़ी से डिफ्लेक्ट होकर सीधी नेट में चली गई। किस्मत के इस साथ की बदौलत भारत को एक और गोल मिला और अभिषेक ने मैच में अपना दूसरा गोल पूरा किया।




### सुफियान खान ने दूसरा गोल कर मैच में डाली जान

मुकाबला तब और रोमांचक हो गया, जब पाकिस्तान के सुफियान खान ने एक और गोल दागकर स्कोर के अंतर को कम कर दिया। सुफियान का यह शॉट भारतीय डिफेंडर से थोड़ा डिफ्लेक्ट होकर गोलकीपर सूरज करकेरा को छकाते हुए गोल में चला गया। अंतिम पलों में मैच बेहद तेज और एंड-टू-एंड हो गया है। पाकिस्तान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला था, लेकिन भारतीय डिफेंस ने इसे सफलतापूर्वक बचा लिया।

### हार्दिक ने भी किया कमाल


इसके बाद शानदार स्टिक वर्क की बदौलत भारत ने दबाव से निकलकर एक बेहतरीन मौका बनाया। विवेक ने मंदीप की तरफ पास दिया, जहां पाकिस्तान के खिलाड़ी अर्शद ने अर्जुन लालगे को फाउल कर दिया। रेफरी ने भारत को पेनाल्टी स्ट्रोक दिया। कप्तान की जगह हार्दिक ने आकर गोल दागा। मैच के 46वें मिनट में पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच में वापसी की। उन्होंने मिडफील्ड में भारत से गेंद छीनी और डिफेंस को चीरते हुए आगे बढ़े। हन्नान शाहिद ने गोलकीपर के ऊपर से गेंद को चिप करके गोल दागा और अंतर को घटाकर सिर्फ 2 गोल कर दिया।

## साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 के मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ चार विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत से साउथ दिल्ली को दो अहम पॉइंट मिले। पहले बैटिंग करते हुए, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने कप्तान सार्थक रंजन और यश डबास के शानदार योगदान की बदौलत 20 ओवर में 207/9 का मजबूत स्कोर बनाया। सार्थक ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 23 गेंदों में तेज 45 रन बनाए, जबकि डबास ने 38 गेंदों में 78 रन जड़े। इस जोड़ी ने नॉर्थ दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलाई और 107 रनों की बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप की। आखिरकार सार्थक आउट हो गए और नॉर्थ दिल्ली ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। हालांकि, अर्जुन रापरिया ने 11 गेंदों में तेज 27 रन बनाकर टीम को आखिर में मजबूती दी, जिससे उनकी टीम 200 रनों का आंकड़ा पार कर सकी। साउथ दिल्ली के लिए दिव्यांश रावत सबसे बेहतरीन बॉलर रहे, जिन्होंने चार ओवर में 3/22 विकेट लिए, जबकि अंकित डबास ने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स 50/3 के स्कोर पर मुश्किल में पड़ गई थी। इसके बाद कप्तान आयुष बडोनी ने मोर्चा संभाला और तेजस्वी दहिया के साथ पारी को आगे बढ़ाया।

## भारत ने श्रीलंका को 165 रनों से हराया

**गॉल (एजेंसी/चिंगारी)।** मानव सुथार (छह विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन भोजनकाल के बाद श्रीलंका की पूरी टीम को दूसरी पारी में 206 रनों पर समेट कर मुकाबला 165 रनों से अपने नाम कर लिया। यह 600वें टेस्ट में भारत की ऐतिहासिक जीत है। इससे पहले रवींद्र जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा ने सुबह के सत्र में भारत को दो सफलताएं दिलाईं, जिससे भोजनकाल के समय तक श्रीलंका का दूसरी पारी में स्कोर छह विकेट पर 175 रन हो गया था। आज यहां श्रीलंका ने चार विकेट पर 84 रन से आगे खेलना शुरु किया। कप्तान धनंजय डीसिल्वा और सोनल दिनुशा ने संभल कर खेलते हुए स्कोर को 156 रन तक ले गये 56वें ओवर की दूसरी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने धनंजय डीसिल्वा का शिकार कर भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। धनंजय डिसिल्वा ने 151 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (59) रन बनाये। इसके बाद 60वें ओवर की आखिरी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने नये बल्लेबाज निरोशन डिकवेला (10) को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई।



भोजनकाल के बाद मानव सुथार ने शतक की ओर बढ़ रहे सोनल दिनुशा को आउटकर श्रीलंका को बैकफुट पर धकेल दिया। सोनल दिनुशा को 128 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (84) रनों की पारी खेली। इसके बाद सुथार ने 76वें ओवर में प्रभात जयसूर्या, लाहिरू कुमारा को खाता भी खोलने का मौका नहीं दिया।

सुथार ने 78वें ओवर की चौथी गेंद पर केशरा नुवंता (20) का शिकार कर श्रीलंका की दूसरी पारी का 206 रन के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से मानव सुथार ने 23.4 ओवरों मे 56 रन देकर छह विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा को दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कृतिका ने फाल्गुन की चुनौती पर काबू पाकर जीता खिताब

**कानपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** स्पोर्ट्स हब में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 में बुधवार को युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चार आयु वर्गों के फाइनल मुकाबलों में पश्चिम बंगाल, असम और अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए। युवा बालिका अंडर-11 के फाइनल में पश्चिम बंगाल की कृतिका सायबो ने हरियाणा की फाल्गुन गुप्ता को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर खिताब जीता। फाल्गुन ने मुकाबले में दो बार बढ़त बनाई, लेकिन कृतिका ने निर्णायक क्षणों में शानदार वापसी करते हुए चौथा और पांचवां गेम जीत लिया। मुकाबले का स्कोर 9-11, 11-9, 9-11, 11-6, 11-9 रहा।

युवा बालक अंडर-11 के फाइनल में पश्चिम बंगाल के देबांशु चक्रवर्ती ने महाराष्ट्र के राजवर्धन तिवारी को 3-1 से पराजित किया। राजवर्धन ने पहला गेम 11-7 से जीता, लेकिन इसके बाद देबांशु ने लगातार तीन गेम 12-10, 11-4 और 11-4 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। युवा बालक अंडर-13 के फाइनल में पश्चिम बंगाल के अरिव दत्ता ने अपने ही राज्य के गेम महालनाबिश को 3-1 से हराकर खिताब जीता। वहीं युवा बालिका अंडर-13 के फाइनल में असम की ईशानी गोगोई ने दिल्ली की ख्याति पांडे को सीधे गेमों में 13-11, 11-7, 12-10 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

## आयुष और सिंधु प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचे; लक्ष्य और उन्नति बाहर

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** बुधवार को यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के तीसरे दिन, मेज़बान खिलाड़ियों के लिए मिले-जुले नतीजे रहे। पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु और बड़े खिलाड़ियों को हराने वाले आयुष शेट्टी ने अपने दूसरे राउंड के प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हरा दिया। नौवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला सिंगल्स के दूसरे राउंड में कनाडा की झांग वेन यू को 21-16, 21-17 से हराया, जबकि आयुष ने श्रीलंका के डुमिंडु अबेविक्रमा को 21-8, 21-10 से हराने में सिर्फ़ 26 मिनट लिए और पुरुष सिंगल्स के प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई। राउंड ऑफ़ 16 में, सिंधु का मुक़ाबला चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त वांग ज़ी यी से होगा, जिन्होंने दिन की शुरुआत में मलेशिया की कारुओथेवन लेतशाना को 21-16, 21-9 से हराया था। आयुष का प्री-क्वार्टर फ़ाइनल मुक़ाबला इंडोनेशिया के 11वीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा। 2023 के वर्ल्ड जूनियर चैंपियन ने फ़िनलैंड के जोआकिम ओल्डोर्फ़ के खिलाफ़ अपना दूसरा राउंड का मैच 21-12, 21-9 से आसानी से जीत लिया।



# मिलावटी पनीर पर एफडीए का शिकंजा, 12 दिन में 88 प्रतिष्ठानों पर छापे

## मानकों की अनदेखी पर 10 से अधिक प्रतिष्ठान बंद



**देहरादून ( चिंगारी )।** त्योहारी सीजन से पहले उत्तराखंड में अमानकीकृत डेयरी एनालॉग और गैर-दुग्ध उत्पादों के खिलाफ खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। प्रदेश में ऐसे उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। 7 अगस्त से 18 अगस्त 2026 तक महज 12 दिनों में प्रदेश के 88 खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई।

अभियान के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों से 88 सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए, जबकि करीब 100 किलो एनालॉग पनीर को नष्ट कराया गया। वहीं, नियमों और मानकों की अनदेखी पाए जाने पर 10 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों को बंद कराया गया है। विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटी और अमानकीकृत खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त विनय शंकर पांडे की ओर से 7 अगस्त को आदेश जारी कर प्रदेश में अमानकीकृत डेयरी एनालॉग और गैर-दुग्ध उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बाद विभाग ने पूरे प्रदेश में अभियान तेज कर दिया।

विभाग के मुताबिक खासतौर पर त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी की आशंका बढ़ जाती है। दुग्ध उत्पादन सीमित होने और मांग अधिक होने के कारण दूसरे राज्यों से एनालॉग पनीर और अन्य अमानकीकृत दुग्ध उत्पादों की सप्लाई होने की संभावना रहती है। इसी को देखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की लगातार निगरानी की जा रही है।

एफडीए के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी के अनुसार अभियान के तहत अब तक 88 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की जा चुकी है और 88 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश में करीब 100 किलो एनालॉग पनीर को मौके पर नष्ट कराया गया।

# स्टेशन रोड खाली करने के नोटिस जारी धरने पर बैठ गये वहां के सभी व्यापारी



कोटद्वार में धरना देते स्टेशन रोड के व्यापारी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रेलवे स्टेशन प्रशासन द्वारा स्टेशन रोड के व्यापारियों को अपनी जगह खाली करने का फरमान देने के बाद प्रभावित साठ दुकानदारों ने अनिश्चितकालीन धरना आरंभ कर दिया है। उनके धरने को व्यापार मंडल ने भी समर्थन दिया है।

### कोटद्वार व्यापार मंडल ने दिया अपना समर्थन

बताते चलें कि वर्तमान में कोटद्वार में रेलवे स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। इस क्रम में रेलवे स्टेशन के बाहर के दुकानदारों को जगह खाली करने के निर्देश दिए गए थे। इस पर प्रभावित दुकानदारों ने शासन से उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की थी, जिस पर सकारात्मक कार्रवाई न होने पर दुकानदारों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना आरंभ कर दिया है। दुकानदारों का कहना था कि वे पिछले 75 सालों से इसी जगह पर काबिज हैं, और अब उन्हें जगह खाली करने के नोटिस थमाए जा रहे हैं, जो गलत है। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटिया ने भी व्यापारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई न होने पर कोटद्वार का पूरा व्यापार मंडल उनके समर्थन में हड़ताल पर बाध्य होगा।

# कोटद्वार एवं श्रीनगर में खोली जाये सीजीएचएस डिस्पेंसरी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रतिनिधियों ने कोटद्वार और श्रीनगर में सीजीएचएस की डिस्पेंसरी खोलने की मांग की है। कहा कि सीजीएचएस में दिक्कतों के कारण वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में संगठन अध्यक्ष बीएस नेगी ने कहा कि सीजीएचएस से संबंधित दिक्कतों के कारण वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कोटद्वार और श्रीनगर में सीजीएचएस डिस्पेंसरी खोलने की मांग की, ताकि क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े। महासचिव रविंद्र दत्त सेमवाल ने कहा कि पेंशनर्स को समय पर पेंशन और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की। संगठन के संयोजक डा. स्वामी एस. चंद्रा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सम्मान के साथ सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। कोषाध्यक्ष एके बहुखंडी ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा कोटद्वार में हेल्प डेस्क स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनर्स को विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बैठक में पीएल खंतवाल, रिपुदमन बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, जयवीर सिंह रावत, महेंद्र अग्रवाल, प्रकाश कोठारी और रमेश चंद्र खंतवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### ताकि वरिष्ठ नागरिक न करें परेशानी का समाना

# टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखंड ने सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा, टीईटी की बाध्यता पर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए वर्षों से राजकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी के कारण अनावश्यक रूप से उत्पन्न हो रही सेवा संबंधी कठिनाइयों से राहत देने की मांग की है। यहां जारी एक बयान में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व तत्कालीन सेवा नियमों एवं निर्धारित अर्हताओं के आधार पर विधिवत चयनित एवं नियुक्त प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए नियुक्ति के समय टीईटी को अनिवार्य पात्रता के रूप में लागू नहीं किया गया था। ऐसे में वर्षों की सेवा के बाद उन पर नई शर्त को लागू किया जाना चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि ऐसे सभी सेवारत शिक्षकों को स्थायी रूप से टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाना चाहिए तथा इस संबंध में स्पष्ट शासनादेश जारी किया जाना चाहिए।

# मार्गदर्शी काउंसिलिंग जोन की मनाई गई द्वितीय वर्षगांठ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत घराट चौक के पास स्थित मार्गदर्शी काउंसिलिंग जोन में जोन की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग जोन के संस्थापक डा. राज त्यागी व डा. अनुराधा त्यागी द्वारा काउंसिलिंग जोन के साथ एकदंत क्लिनिक का संचालन भी किया जा रहा है। इस तरह एक ही स्थान पर अभिभावकों के लिए किसी समस्या का समाधान न मिलने पर काउंसिलिंग के साथ ही दंत चिकित्सा क्लीनिक भी उपलब्ध है, जिसका अभिभावकों को लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर गौरव जोशी, पार्षद संजय भंडारी, प्रमोद केष्टवाल, नंदू कुकरेती और प्रकाश बलोधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरीश रावत फिर हुए सक्रिय, दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में हुए शामिल



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत एक बार फिर पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय नजर आए हैं। स्वास्थ्य लाभ के बाद हरीश रावत ने दिल्ली में आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं ने देश के मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा की।

बीते दिनों तबीयत खराब होने के चलते हरीश रावत को कुछ समय के लिए दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। इसके बाद वह दिल्ली स्थित अपने आवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। अब पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक में उनकी मौजूदगी से उनके फिर से राजनीतिक रूप से सक्रिय होने के संकेत मिले हैं।

हरीश रावत ने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से सीडब्ल्यूसी की बैठक में शामिल होने की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगे की रणनीति और आगामी कार्ययोजना को लेकर भी चर्चा हुई।

### रावत की सक्रियता से अटकलों पर विराम

हरीश रावत के राजनीतिक संन्यास को लेकर समय-समय पर चर्चाएं और अटकलें सामने आती रही हैं। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री कई मौकों पर इन अटकलों को खारिज करते हुए साफ कर चुके हैं कि फिलहाल उनका राजनीति से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। अब सीडब्ल्यूसी जैसी महत्वपूर्ण बैठक में उनकी मौजूदगी को कांग्रेस की राजनीति में उनकी सक्रियता के तौर पर देखा जा रहा है। खास तौर पर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस में बैठकों और रणनीतिक मंथन का दौर तेज होने के साथ हरीश रावत की सक्रियता पार्टी के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

# आज़म खां पर शिकंजा : सरकारी धन का दुरुपयोग

## ब्लैक मनी, फर्जी दानदाता, डमी ट्रस्टी सहित कई प्रमाण बने कार्रवाई की वजह




**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पूर्व मंत्री आजम खां और उनकी जौहर ट्रस्ट पर ईडी की कार्रवाई की वजह यूनिवर्सिटी के भवनों के निर्माण में सरकारी विभागों के धन का दुरुपयोग, फर्जी दानदाता, डमी ट्रस्टी और यूनिवर्सिटी के निर्माण में बड़े पैमाने पर काले धन का इस्तेमाल का आरोप है। ईडी द्वारा बीते चार साल से इसकी गहन जानकारी जुटाई जा रही थी। इससे पूर्व आयकर विभाग की जांच के दौरान ट्रस्ट ने यूनिवर्सिटी के 59 भवनों के निर्माण में महज 45 करोड़ रुपये खर्च होने का दावा किया था, जबकि जांच में यह करीब 494 करोड़ रुपये मिला था। बड़े पैमाने पर काले धन को ट्रस्ट में डायवर्ट करने से ईडी को मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई का मजबूत आधार मिला है। सूत्रों के मुताबिक, जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण में आठ सरकारी विभागों का करीब 110 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया गया था। आयकर विभाग की जांच में जौहर विश्वविद्यालय में अवस्थापना संबंधी कार्यों में इन विभागों का करीब 150 करोड़ रुपये खर्च होने के प्रमाण मिले थे। इनमें सीएंडडीएस, लोक निर्माण विभाग, संस्कृति विभाग, ग्राम्य विभाग विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग, नगर विकास और सिंचाई विभाग शामिल थे। जल निगम का दो अलग-अलग मदों में बजट खर्च किया गया था। इससे पुल, सड़क, रिवरफ्रंट, नहर को चौड़ा करने, इमारतों के निर्माण समेत तमाम कार्य कराए गए थे। सबसे ज्यादा सीएंडडीएस और जल निगम का करीबन 75 करोड़ रुपये और लोक निर्माण विभाग का 13.73 करोड़ रुपये व्यय हुआ था। हालांकि बाद में विभागीय अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आजम खां के प्रभाव की वजह से उनकी यूनिवर्सिटी पर सांसद और विधायक निधि का करीब 4.57 करोड़ रुपये भी लगाया गया। मामला हाईकोर्ट में पहुंचने पर पूरी रकम वापस करनी पड़ी थी। यूनिवर्सिटी के अवस्थापना कार्यों के लिए दो दर्जन विधायकों ने अपनी निधि में से 10 लाख रुपये से लेकर 45 लाख रुपये तक दिए थे। आजम खां की पत्नी एवं तत्कालीन सांसद तजीन फातमा ने अपनी सांसद निधि से तीन बार 22.39 लाख रुपये दिये थे। एमएलसी सरोजनी अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के लॉ संकाय में मूट कोर्ट के निर्माण के लिए 45 लाख रुपये और विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना से तीन बार में 50 लाख रुपये दिये थे। इसी तरह अखिलेश यादव ने अपनी निधि से लॉ संकाय में शौचालय के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये, पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी ने लॉ संकाय में डीन व प्रिंसिपल कक्ष के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये और विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत 10 लाख रुपये दिए थे।

**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

**मिर्गी दौरे**
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर